




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 60 | कोरबा, रविवार , दिनांक 01 दिसम्बर 2024 डाक 02 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा** — भाजपा नेता कैलाश गहलोत ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की



**देश-विदेश** — चुनाव में कोई गडबड़ी नहीं, हर सवाल का मिलेगा जबाव चुनाव आयोग ने 3 दिसंबर को कांग्रेस नेताओं को बुलाया




**फीचर पेज** — गोदावरी के तट पर हर चार अंगुल पर तीर्थ, ब्रम्हपुराण से मिलते हैं कई तथ्य




## अंबिकापुर में बड़ा सड़क हादसा

# ट्रक की ठोकर से कार के उड़े परखच्चे, पांच युवकों की मौत



**अंबिकापुर, 01 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अंबिकापुर- बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम गुमगा के पास रविवार की सुबह हुए सड़क हादसे में कार सवार पांच युवकों की मौत हो गई। युवक रायपुर के चंगोराभाटा के रहने वाले थे। स्कोडा रैपिड कार में सवार पांचों युवक मैनपाट जा रहे थे। इनके नाम दिनेश साहू, संजीव और राहुल हैं। युवकों की उम्र 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है। दो युवकों के नाम का पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि उक्त तीनों युवक घर से जगदलपुर जाने के नाम पर निकले थे। रास्ते में कार में दो और युवक सवार हुए। उदयपुर से पहले गुमगा के पास सामने से आ रहे ट्रक से कार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होग गई। चार युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल एक युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उदयपुर में भर्ती कराया गया। यहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर रेफर किया गया था। अंबिकापुर पहुंचते ही चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे भी मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही उदयपुर थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची थी। कार इतनी क्षतिग्रस्त हो चुकी थी कि शवों को निकालने के लिए कटर का सहारा लेना पड़ा। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। दो लोग गाड़ी में फंस गए थे। उन्हें मुश्किल से बाहर निकाला जा सका। मृतकों के स्वजन को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद युवकों के संबंध में विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। तेज गति को दुर्घटना का कारण बताया जा रहा है। घटना के बाद ट्रक का ड्राइवर वाहन छोड़कर भाग गया है। सुबह क्षेत्र में धुंध भी थी। जहां दुर्घटना हुई वहां मोड़ और ढलान है। दुर्घटनास्थल के अवलोकन के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि अंबिकापुर की ओर से जा रहे ट्रक सामने जा रहे किसी वाहन को ओवरटेक कर रहा होगा। ओवरटेक के दौरान ही सामने से आ रही कार की जोरदार टक्कर हो गई होगी।

## महायुति सरकार का 5 दिसंबर को होगा शपथ ग्रहण समारोह, पीएम मोदी समेत तमाम नेता लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री को लेकर जारी सस्पेंस के बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने ऐलान किया है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को होगा। चंद्रशेखर बावनकुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया, महाराष्ट्र में महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार, 5 दिसंबर, 2024 को शाम 5 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# तेलंगाना में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में सात नक्सली ढेर, एके-47 सहित कई हथियार बरामद



**हैदराबाद, 01 दिसम्बर [एजेंसी]।**

तेलंगाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सात माओवादियों को एक मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। यह मुठभेड़ मुलुगु जिले के एतुरागारम के जंगलों में हुई। मुलुगु के एसपी डॉ. सबारिश ने यह जानकारी दी। पुलिस ने माओवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि तेलंगाना पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ मुलुगु जिले के एतुरंगारम मंडल के चलपाका इलाके के जंगलों में रविवार सुबह हुई। इस मुठभेड़ में येलांदु-नरसमपेट इलाके की कमेटी के कमांडर बदरु उर्फ पापन्ना के मारे जाने की खबर है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस मुठभेड़ को लेकर अभी तक पुलिस प्रशासन की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। इससे पहले सितंबर माह में भी तेलंगाना पुलिस और माओवादियों के बीच तेलंगाना के भद्राद्री के कोठागुडेम इलाके में भी मुठभेड़ हुई थी, जिसमें छह माओवादी मारे गए थे और दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। मारे गए माओवादियों में एक महिला भी शामिल थी।

## हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग की टीम संभल पहुंची, हिंसाग्रस्त इलाके का कर रही मुआयना



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हुई हिंसा की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक जांच समिति के सदस्य पहुंच गए हैं। टीम हिंसाग्रस्त इलाके में मुआयना कर रही है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ टीम इलाके का दौरा कर रही है। 24 नवंबर को संभल जिले की शाही जामा मस्जिद में सर्वेक्षण को लेकर हिंसा भड़क गई थी।

रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच तीन सदस्यीय न्यायिक जांच समिति के सदस्य निरीक्षण के लिए शाही जामा मस्जिद में दाखिल हुए। 29 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने संभल ट्रायल कोर्ट से कहा कि शाही जामा मस्जिद के खिलाफ मुकदमे में तब तक आगे न बढ़ा जाए, जब तक मस्जिद कमेटी द्वारा सर्वेक्षण आदेश के खिलाफ दायर याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में सूचीबद्ध नहीं हो जाती।

## पीएम मोदी समेत तमाम नेताओं ने सीमा सुरक्षा बल स्थापना दिवस की दी शुभकामनाएं

**नईदिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अपना 60वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर बीएसएफ कर्मियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सीमा सुरक्षा बल को उसके स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। बीएसएफ साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक और रक्षा की एक महत्वपूर्ण पंक्ति के रूप में खड़ा है। उनकी सतर्कता और साहस हमारे राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान करते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी जवानों को बधाई देते हुए एक्स पोस्ट पर लिखा, बीएसएफ के जवानों और उनके परिवारों को स्थापना दिवस की बधाई।

बीएसएफ के सैनिकों ने भारत के सम्मान और महत्वाकांक्षाओं की पूरी मजबूती के साथ रक्षा की है और इसके लिए जान की बाजी लगाने से कभी पीछे नहीं हटे। उनकी वीरता और बलिदान प्रेरणा का अटूट स्रोत हैं, जिसने देशभक्तों की पीढ़ियों को यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया है कि हमारा राष्ट्र हमेशा आगे बढ़ता रहे। सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को मेरी श्रद्धांजलि। बीएसएफ ने एक्स पोस्ट पर लिखा, 60वें सीमा सुरक्षा बल दिवस के अवसर पर हम सीमा प्रहरी राष्ट्र रक्षा और राष्ट्र निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दुहराते हैं।

## 'अधिकारी न मानें तो ठोक दो, बाकी हम देख लेंगे', कांग्रेस विधायक ने दिया विवादित बयान, सियासत गरमाई



**बाड़मेर, 01 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बाड़मेर के सांगरिया से कांग्रेस विधायक और यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पुनिया के बाड़मेर में आयोजित एक कार्यक्रम में बिगड़े बोल देखने को मिले हैं। संबोधन के दौरान कांग्रेस नेता ने युवाओं से कहा कि अधिकारी नहीं सुने तो ठोक दिया करो आगे हम देख लेंगे। अभिमन्यू पुनिया के इस बयान से राजस्थान की राजनीति गरमा गई है। दरअसल, 'नशा नहीं नौकरी दो' कार्यक्रम को लेकर सेड़वा में चल रही सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान अभिमन्यु पुनिया ने विवादित बयान देते कहा कि अगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ कोई अधिकारी मनमानी करता हैं तो उसे ठोक दिया करो, बाद में हम निपट लेंगे। जब कांग्रेस विधायक ने ये बयान दिया, उस दौरान मंच पर पूर्व विधायक पदमाराम मेघवाल पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गफूर अहमद, बाड़मेर जैसलमेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल के साथ कहीं कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

राजस्थान में कांग्रेसी के नेताओं के कई विवादित बयान सामने आ चुके है। अपने विवादित बयान को लेकर सुर्खियों में रहने वाले धीरज गुर्जर ने हाल ही एक विवादित बयान दिया था। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने अपने विवादित बयान से हंगामा खड़ा कर दिया। कांग्रेस नेता ने सार्वजनिक मंच से अधिकारियों और कर्मचारियों को धमकी भरे अंदाज में चेतावनी दी है।

# दिल्ली में दहशत में लोग, गैंगस्टर्स के कब्जे में राजधानी, केंद्र सरकार पर भड़के केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने राजधानी में कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर भड़के। उन्होंने कहा कि दिल्ली में डर का माहौल है। दिल्ली की महिलाएं डरी हुई हैं। गैंगस्टर्स के कब्जे में राजधानी आ गई है। यहां की कानून व्यवस्था खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली के अंदर आज व्यवसायियों के पास फिरौती की कॉल आ रही हैं। अगर वह नहीं सुनता है तो अगले ही दिन उसके घर या दुकान के बाहर फायरिंग हो जाती है वे एक पर्ची भी छोड़ जाते हैं जिसमें धमकी दी जाती है। उन्होंने कहा कि मैं यह सब मुद्दे उठा रहा हूं, तो मेरे ऊपर कल पदयात्रा में परल पदार्थ फेंका गया। कल मेरे एक विधायक को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि विधायक भी गैंगस्टर से परेशान हैं। उनके पास भी गैंगस्टर की कॉल आ रही थीं उन्हें धमकी दी जा रही थी।

2023 में उन्होंने पुलिस को शिकायत की थी, उसके बेटे को मारने की धमकी दी गई। 30 से 40 बार विधायक को गैंगस्टर कपिल सांगवान की ओर से धमकी दी गई। उन्होंने कहा कि विधायक के परिवार के बारे में उन्हें जानकारी देकर विधायक को धमकी दी गई। मगर पुलिस ने विधायक नरेश बाल्यान को ही 2023 के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई।

## 8 दिसंबर से दिल्ली में शुरू होगी बीजेपी की परिवर्तन यात्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आप सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने के लिए शुरू किए जाने वाले परिवर्तन यात्रा आठ दिसंबर से शुरू होगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा या गृहमंत्री अमित शाह इस परिवर्तन यात्रा की शुरूआत के मौके पर उपस्थित रह सकते हैं। परिवर्तन यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा की प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक भी हुई। इसमें विधानसभा अनुसार परिवर्तन यात्रा के रूट और स्थानों के साथ यात्रा के लिए जिम्मेदार लोगों की ड्यूटी लगाने पर चर्चा हुई। यह परिवर्तन यात्रा आप सरकार के खिलाफ चुनाव का बड़ा अभियान होगा।

## संभल के बाद बदायूं की जामा मस्जिद चर्चा में, ओवैसी का सरकार पर निशाना



**बदायूं, 01 दिसम्बर [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश के संभल के बाद बदायूं की जामा मस्जिद का मामला भी अब चर्चा में आने लगा है। संभल में हुई हिंसा के बाद ऑल इंडिया मजलिस- ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन ((एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बदायूं की मस्जिद को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आने वाली नस्लों को एआई की पढ़ाई के बजाय एएसआई की खोदाई में व्यस्त कर दिया जा रहा है। असदुद्दीन ओवैसी ने एक्स पर लिखा है कि बदायूं की जामा मस्जिद को नीलकंठ महादेव का मंदिर बताकर कोर्ट में वाद दायर किया गया था। यह मामला कोर्ट में चल रहा है। शनिवार को इस मामले में सुनवाई हुई थी। इसमें इंतजामिया कमेटी के पक्ष की तरफ से शनिवार से बहस शुरू की गई है।

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री इंदौर में बोले- एआई की तरह एचआई बनकर मचाना है तहलका



**इंदौर 1 दिसम्बर।** आजकल दुनिया में एआई ने जैसा तहलका मचाया है वैसा प्रयोग हमें एचआई बनाकर करना है। इसका मतलब हिंदू इंटेलेक्चुल बनाकर करना है। हम किसी मजहब के खिलाफ नहीं हैं। कुछ लोग हमें कट्टर कहते हैं, लेकिन यह मत समझो कि हम किसी के विरोधी हैं, हम तो बस भारत के पक्ष में हैं। भारत में रहने वाला मुस्लिम और ईसाई भी हिंदू हैं। जातिवाद के नाम पर हिंदुओं को तोड़ने का काम किया गया है। यह बात बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने लालबाग परिसर में कही। वे हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय सेवा मेले के तीसरे दिन संबोधित कर रहे थे। पांच घंटे की देरी से शुरू हुए उद्बोधन में उन्होंने कहा कि हिंदू का मतलब जीवन जीने की शैली से है। हिंदुओं को तोड़ने के लिए जात-पात और ऊंच-नीच की लकीरें खींची गईं।

## ईडी के रडार पर आए राज कुंद्रा, समन जारी कर कल पूछताछ के लिए बुलाया



**नई दिल्ली।** राज कुंद्रा एक बार कानूनी पचड़े में पड़ते नजर आ रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने मुंबई और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों लगभग 15 स्थानों पर छापेमारी की है। छापेमारी से मिली जानकारी के बाद इडी ने बिजनेसमैन के खिलाफ समन जारी किया है। यहीं नहीं मामले से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी समन जारी किया गया है। उन्हें जांच के लिए मुंबई के ऑफिस बुलाया गया है जिसके बाद आगे की जानकारी सामने आएगी। राज कुंद्रा को कल यानि सोमवार सुबह 11 बजे इडी के ऑफिस पहुंचना होगा। वहीं, राज कुंद्रा के वकील प्रशांत पाटिल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उनके क्लाइंट का किसी भी अपराध से कोई लेना-देना नहीं है।

## सीएम पर खत्म नहीं हुआ सस्पेंस, शिंदे कल तक ले सकते हैं बड़ा फैसला, शिवसेना ने खोला राज!



**नईदिल्ली, 01 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री का शपथ समारोह पांच दिसंबर को हो सकता है। एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने सीएम पद को लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री बीजेपी से होगा और सत्तारूढ़ महायुति के अन्य घटकों से दो उपमुख्यमंत्री होंगे। अजित पवार ने भले ही कह दिया हो, लेकिन एकनाथ शिंदे के स्टैंड का सबको इंतजार है। महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री होगा कौन, इसको लेकर अभी भी पेंच फंसा हुआ है।

कई दिनों के सस्पेंस के बाद, एकनाथ शिंदे ने इस हफ्ते की शुरुआत में ऐलान किया था कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेतृत्व जो भी फैसला करेंगे, उसे स्वीकार करेंगे। जिससे पार्टी के लिए शीर्ष पद के लिए डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के नाम का रास्ता साफ हो गया। अभी तक आधिकारिक तौर पर किसी के नाम का ऐलान नहीं किया गया है, लेकिन हालिया घटनाक्रम से फडणवीस के बारे में सबसे स्पष्ट अनुमान लगाया जा रहा है।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# आकांक्षी जिले से दूर करेंगे गरीबी को : सोमन्ना



कोरबा । भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री रेल्वे एवं जल शक्ति तथा आकांक्षी जिला कोरबा के प्रभारी श्री वी. सोमन्ना ने आज कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आकांक्षी जिले के निर्धारित संकेतकों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं योजनाओं का लाभ जिले के लोगों तक पहुंचे इसके संबंध में संबंधित विभागों से चर्चा की और आकांक्षी जिले में लक्ष्य प्राप्ति तक सतत् कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के माध्यम से जिले के गरीब परिवारों का जीवन स्तर में कैसे सुधार आए इस दिशा में सभी को मिल जुल कर कार्य करना है। केंद्रीय मंत्री श्री सोमन्ना ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी गरीब परिवारों की चिंता करते हैं। उन्होंने गरीबों को गरीबी से बाहर निकालने योजनाएं बनाई है।

आकांक्षी जिला घोषित कर महत्वपूर्ण योजनाओं को केंद्रीत किया गया है और गरीब परिवारों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। गरीबों को गरीबी से बाहर निकालना ही इस का उद्देश्य है इसलिए आने वाले समय में हम सभी को मिलजुल कर आकांक्षी जिला के सभी सेक्टरों में परिणाममूलक कार्य करना है।

केंद्रीय मंत्री श्री सोमन्ना ने जिले में विकास की अपार संभावनाएं बताते हुए कहा कि कोरबा खूबसूरत जिला है और यहां के लोग बहुत ही सौम्य हैं। यहां का प्राकृतिक वातावरण अच्छा है। आकांक्षी जिला प्रधानमंत्री मंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। आकांक्षी जिला कोरबा में गरीबी उन्मूलन करने और सामाजिक विकास के लिए कन्वर्जन, कॉलेब्रेशन और कॉम्पटीशन के आधार पर कार्य करना होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जिले में गरीबी उन्मूलन के लिए सभी विभागों को संयुक्त प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो और आकांक्षी जिले हेतु निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कोरबा जिला विकास तथा प्रगति की राह में आगे बढ़े यह उनकी प्राथमिकता में होगी। आकांक्षी जिले की अवधारणा के संबंध में उन्होंने कहा कि हम सभी की आकांक्षा यह होनी चाहिए कि हमारे जिले के लोगों का भी राज्य और देश के अन्य सामान्य जिलों के लोगों का जीवन स्तर समान हो। हमारे जिले में समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं हो। कोई भी बच्चा कुपोषित न हो, सभी गर्भवती माताओं का पंजीयन हो और उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच हो, बच्चों का शतप्रतिशत टीकाकरण हो। हर गांव तक सड़क हो, लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो। खेतों में सिंचाई की सुविधा हो, हर गांव में बिजली हो। बेहतर शिक्षा सुविधा उपलब्ध हो, यही हमारी आकांक्षा होना चाहिए और जब तक हम यह सब लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते तब तक सतत् कार्य करते रहना होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने जिले में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के संबंध में कहा कि संस्थागत प्रसव हो, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाए। सभी गर्भवती माताओं का पंजीयन कर उनकी नियमित जांच की जाए, उन्हें पोषण आहार मिले।

उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग एक संवेदनशील विभाग है। आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया होनी चाहिए।समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा गया की मातृत्व स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य में दी जाने वाली सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, साथ ही कोई भी लाभार्थी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित ना हो सभी स्वास्थ्य अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाकर एनीमिया एवं कुपोषण की गंभीरता से स्क्रीनिंग कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। शिक्षा एवं आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए सभी स्कूलों में अध्यापन का स्तर सुधारने और जिले के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति परिवार के बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें आईएएस, आईपीएस सहित महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचाएं। उन्होंने जमीनी स्तर पर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

केंद्रीय राज्य मंत्री श्री सोमन्ना ने पशुधन चिकित्सा विभाग के उप संचालक को निर्देशित किया कि जिले में डेयरी उद्योग की स्थापना के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि जिले में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो सकें। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल व्यवस्था बेहतर बनाने तथा गुणवत्ता के साथ कार्य करने, पीएम आवास और शौचालय निर्माण को ग्रामीण विकास का महत्वपूर्ण घटक बताते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि जिले में दिव्यांगजनों का उचित डाटा रखें और उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य करें। बैठक में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले में शिक्षा एवं स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

उन्होंने डीएमएफ के माध्यम से अधोसंरचना से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के अलावा शिक्षकों के रिक्त पदों को पूर्ण करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु चिकित्सक सहित अन्य पदों पर भर्ती करने की जानकारी दी। उन्होंने जिले में अन्य बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने हेतु 10वीं उत्तीर्ण 100 विद्यार्थियों को मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए जिले से बाहर भेजने के संबंध में भी जानकारी दी।उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कें, कौशल विकास, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, सिंचाई रकबा बढ़ाने के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर सांसद कोरबा लोकसभा श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत, विधायक रामपुर श्री फूलसिंह राठिया, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद सिंह, सभापति श्री श्याम सुंदर सोनी, डीआरएम बिलासपुर श्री प्रवीण पाण्डेय, आईएएस श्री शांतनु अग्रहरि, श्री अनिश हेगड़े आईआरटीएस, श्री दिनेश तोमर, श्री अनुराग सिंह, वनमण्डलाधिकारी, निगम आयुक्त, सीईओ जिला पंचायत आदि उपस्थित थे।

## पीएम आवास से जीवनलाल का जीवन हुआ बेहतर, पत्नी कांति बाई को नहीं झेलनी पड़ती है कोई समस्या



कोरबा । जिले के ग्राम छुरी में रहने वाले जीवनलाल और उनकी पत्नी कांति बाई को कच्चे मकान में जीवन गुजारना पड़ता था। कच्चे मकान में सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के समय ही होती थी,क्योंकि मकान खपरैल वाले थे और ज्यादा बारिश में अक्सर पानी घर के फर्श पर टपकता था। कई बार मरम्मत के बाद भी बारिश से कभी दीवारे उखड़ती थी तो कभी घर का कोई जरूरी सामान गीला हो जाता था। तब जीवन लाल और कांति बाई के जीवन में बस कठिनाइयों का ही दौर था। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों के कच्चे मकानों को पक्का करने की पहल से शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना ने जीवनलाल जैसे गरीब परिवारों की जीवन बदल दी। योजना के बारे में पता चलते ही इन्होंने अधिकारियों से संपर्क किया। पीएम आवास के लिए नाम आने के पश्चात जीवन लाल ने अपने घर के खाली जगह में ही मजबूत नीव के साथ पक्का मकान बनवाया। आज इन्हीं पक्के मकानों में बीते कई वर्षों से वह अपनी पत्नी के साथ चैन और सुकून से रह पा रहा है।

ग्राम छुरी के जीवनलाल की पत्नी कांति बाई देवांगन ने बताया कि पहले झोपड़ी में रहना बहुत तकलीफदेह थी। उनकी पत्नी ने बताया कि किसी तरह से उनके पति दुकान में काम कर घर खर्च चलाते हैं, कम आमदनी के बीच पक्के मकान के लिए रुपये जोड़ पाना आसान नहीं था। ऐसे में पीएम आवास योजना उनके लिए वरदान साबित हुआ। लगभग सवा दो लाख की राशि मिलने से उनका पक्का मकान आसानी से बन गया। कांति बाई ने बताया कि अब बारिश के समय इस घर में कोई परेशानी नहीं होती। पक्का घर बन जाने से लोगों के बीच उनकी प्रतिष्ठा भी बढ़ी है। उनका कहना है कि पहले हमे तो लगता था कि वे पक्का मकान कभी बनवा भी नहीं पाएंगे लेकिन पीएम आवास योजना ने उनके सपनों को हकीकत में बदल दिया। अब उन्हें आवास को लेकर कोई चिंता नहीं है।

## वार्षिक खेल में इंडस के विद्यार्थियों का प्रदर्शन



कोरबा। दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया जिसमें प्रायमरी कक्षा के अनेक खेलों में बच्चों और उनके साथ अभिभावकों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता के साथ विद्यार्थियों के अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यालय ध्वजारोहण के पश्चात परेड की सलामी और रंगारंग कार्यक्रम के साथ खेल दिवस की शुरूआत की गई और खेल दिवस के मशाल को विद्यार्थियों एवं खेल प्रशिक्षक के द्वारा प्रज्वलित कर एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2024 के प्रारंभ की घोषणा की ।

स्कुल मैदान में अनेक प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें 3 री से 5वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों हेतु 100 मीटर 200 मीटर एवं 400 मीटर रेस ,एवं रिले रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपना दमखम दिखाया एवं विजेताओं को पदक से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के आयोजन में विद्यालय के क्रीड़ा प्रशिक्षक श्री रति सर एवं अविनाश सर सहित , शैक्षणिक प्रभारी श्रीमती सोमा सरकार तथा सभी शिक्षिकाओं का भरपूर योगदान रहा। कीड़ांगन में उपस्थित अभिभावकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता के साथ अभिभावकों के लिए विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया इस आयोजन में अभिभावकों के लिए विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । महिलाओं के लिए टग ऑफ वार का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का भी सभी ने खूब आनंद लिया।सभी विजेताओं को स्वर्ण,रजत एवं कांस्य पदक से अभिभावकों सहित विद्यालय के प्राचार्य महोदय ने सम्मानित किया। अविनाश महंत ने कहा कि वस्तुत: खेल मनोरंजन और शक्ति के सम्पूरक हैं। खेलों से खिलाड़ियों का शरीर स्वस्थ तथा मजबूत बनता है, उनके शरीर में चुस्ती, स्फूर्ति और शक्ति आती है। खेलने से शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है।

श्री रति ने कहा कि स्वस्थ शरीर में जीवन का आनन्द निहित माना गया है। शरीर यदि रोगों का घर है, तो वह आनन्द का भी भण्डार है। इसके लिए यह जरूरी है कि तन के साथ मन भी स्वस्थ रहे। खेलों में भाग लेने से जहाँ शारीरिक क्षमता की वृद्धि होती है, वहाँ व्यक्ति के चरित्र का भी विकास होता है । श्रीमती सोमा सरकार (शैक्षणिक प्रभारी) ने कहा कि खेलों में भाग लेने से ऐसी भावना का विकास होता है, जिससे आदमी सुख और दु:ख में एकसमान रहता है। डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास तो होता ही है साथ ही साथ वे अध्ययन के साथ सामंजस्य बनाकर सतत् अपने मुकाम की ओर अग्रसर होते हैं । खेल विद्यार्थी जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । जिस प्रकार नाम, प्रसिध्दि और पैसा प्राप्त करने के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है । उसी प्रकार स्वस्थ्य शरीर और मस्तिष्क प्राप्त करने के लिए खेल आवश्यक है । खेल गतिविधियों में शामिल होना प्रत्येक विद्यार्थियों के लिए बहुत आवश्यक है । यह न केवल शारीरिक ताकत प्रदान करता है बल्कि, यह मानसिक शक्ति को बढ़ाता है । किसी भी व्यक्ति की सफलता मानसिक और शारीरिक ऊर्जा पर निर्भर करती है और खेल इसका सशक्त माध्यम है ।जीवन में खेलों का विशेष महत्त्व है। मानसिक एवं शारीरिक विकास सन्तुलित होता रहे, इसी बात को ध्यान में रखकर विद्यार्थियों को खेलकूद एवं व्यायाम आदि का शिक्षण-प्रशिक्षण दिया जाता है। व्यक्तिगत जीवन से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक खेलों से जो लाभ मिलता है, उससे खेलों का महत्त्व स्वत: ज्ञात हो जाता है।

## पीजी कॉलेज में सेमीनार कर दिए गए इंटरव्यू कौशल बढ़ाने के टिप्स

कोरबा । कोरबा जिले में संचालित शासकीय इं.वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा में 30 नवंबर को कैरियर काउंसलिंग सेल द्वारा अम्बेडकर हॉल में साक्षात्कार कौशल विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र/छात्राओं को साक्षात्कार कौशल पर पी.पी.टी के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। एम.सी.एम.आई. टीमें पदस्थ मो. सैफुल एजाम ने साक्षात्कार कौशल में आने वाली सारी बारीकियों को विस्तार पूर्वक बताया। जिसमें रिस्यूमे, सी.वी. कैसे बनाये, क्या लिखें, साक्षात्कार में कैसे बैठे, कैसे बात करें, फाईल कैसे तैयार करें आदि के बारे में रोचक तरीके से जानकारी दी। छात्र/छात्राओं ने इस दौरान पुछे गये प्रश्नो के उत्तर भी दियें। साक्षात्कार कौशल के लिए आयोजित यह कार्यक्रम छात्र/छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. एल.एन. कंवर की अध्यक्षता में डॉ. बी.एल. साय, डॉ. पी. साहू, डॉ. डी. दुबे, श्रीमती अमोला कोर्राम, डॉ. ज्योति राठौर, राजकुमार राठौर, धनेश्वर यादव, सुश्री हेमलता पटेल के सहयोग से संपन्न हुआ। कैरियर काउसंलिंग की संयोजक डॉ. अवन्तिका कौशिल ने कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया।

## हर क्षेत्र में विकास के लिए कामजारी



कोरबा । जन हित के लिए विष्णुदेव साय की सरकार लगातार कार्य कर रही है और विकसित राष्ट्र के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने कोरबा नगर विधायक और मंत्री लखनलाल देवांगन दिन-रात जुटे हुए हैं। उनकी अगुआई में हर वार्ड का विकास हो रहा है। जनता से मिली मांगों को आदेश मान तत्परता से कार्य किए जा रहे हैं और यह सिलसिला यूं ही जारी रहेगा। उक्त कथन वार्ड 16 के पार्षद एवं भाजयुमो महामंत्री नरेंद्र देवांगन ने श्यामनगर दर्री में आयोजित भूमि-पूजन कार्यक्रम में वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए कही। दर्री श्यामनगर में शनिवार को 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित नाली व टंकी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। भूमि-पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए भाजयुमो महामंत्री एवं वार्ड 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन ने भूमि-पूजन कर कार्य का श्रीगणेश किया। श्री देवांगन ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में सुशासन की सरकार काबिज है। ऊर्जा नगरी कोरबा में जन-बल की शक्ति से विधायक और प्रदेश के ऊर्जावान उद्योग मंत्री भैया लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में हर वार्ड हर गली का द्रुत गति से विकास हो रहा है। इसी कड़ी में जनता की आवश्यकता और मांग के अनुरूप टंकी व पक्की नालियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। अभी तो ये शुरुआत है और अभी काफी कुछ करना शेष है।

## दंपत्ति के विकृत शव मिले जंगल में,पुलिस और फोरेंसिक टीम कर रही जांच

कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम गुरुमुडा के जंगल में दो सड़ीगली लाश मिलने से ग्राम में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने जंगल मे जब एक महिला व एक पुरुष की सड़ी-गली लाश को देखा तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना कटघोरा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान, कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के साथ फोरेंसिक की टीम भी पहुंच जांच प्रारंभ कर दी हैं। इस मामले में पुलिस ने ग्राम पंचायत गुरुमुडा व पास के ग्राम पंचायत घरी पखना के सरपंच व ग्रामीणों से पूछताछ की, जिसमे जानकारी मिली कि दोनों मृतक पति-पत्नी है। मृतक आनंदकुंवर अगरिया उम्र लगभग 55 वर्ष पति चरण साय अगरिया की उम्र लगभग 65 वर्ष बताया जा रहा है। महिला ग्राम घरीपखना की निवासी बताई जा रही है। जो शादी के बाद कोरबा ब्लॉक के ग्राम तिलईडाँड़ के पंडरीपानी में रहते थे। कुछ दिनों पूर्व मृतक महिला के भाई का दशगात्र कार्यक्रम था जिसमें शामिल होने दोनों पति-पत्नी आये हुए थे। 15 नवंबर को वे ग्राम पर्रिपानी के लिए निकले थे लेकिन वो घर नही पहुंचे। और आज ग्राम गुरुमुडा के जंगल मे सड़ी-गली अवस्था मे उनकी लाश मिली।

### कबाड़ कारोबारी को गिरफ्तार किया दुष्कर्म मामले में

कोरबा। मानिकपुर चौकी पुलिस ने 376 से संबंधित मामले में रायपुर निवासी राजीव बंसल को गिरफ्तार किया है। कटघोरा क्षेत्र में उसकी उपस्थिति का पता चलने पर पुलिस ने दबिश दी। कोरबा के नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बंसल पर दुष्कर्म करने का आरोप है ।

## योजनाओं की प्रगति जानी केन्द्रीय मंत्री सोमन्ना ने



कोरबा। केंद्रीय राज्य मंत्री रेल्वे एवं जल शक्ति, भारत सरकार एवं प्रभारी मंत्री आकांक्षी जिला श्री व्ही. सोमन्ना ने आज अपने कोरबा प्रवास के दौरान सार्वजनिक उपक्रम का निरीक्षण सहित वार्ड 52 दर्रीखार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत महिला समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों, करतला ब्लॉक के बैगापाली में जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल की स्थिति, सलिहाभाठा में कौशल उन्नयन आजीविका सवर्धन अंतर्गत कार्य तथा छुरीकला में बुनकरों से चर्चा कर वस्तु स्थिति जानी। उन्होंने रेल्वे स्टेशन में अमृत भारत अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने योजनाओं से आमजनों को प्राथमिकता से लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान आईएएस डॉ शान्तनु अग्रहरी, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, आईआरटीएस श्री अनीश हेगड़े, बीयूएच एनटीपीसी श्री राजीव खन्ना, सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग सम्बंधित एसडीएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री श्री सोमन्ना ने नेशनल थर्मल पॉवर जमनीपाली का निरीक्षण कर विद्युत उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने संयंत्र की कार्यप्रणाली, उत्पादन क्षमता और ऊर्जा उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली तकनीकों का बारीकी से अवलोकन किया। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान संयंत्र के संचालन में सुधार की दिशा में आवश्यक सुझाव दिए और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने एनटीपीसी जमनीपाली के कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए संयंत्र को देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण बताया। केंद्रीय मंत्री ने एनटीपीसी के विश्राम गृह में जूनिप्रेस पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी।

केंद्रीय मंत्री श्री सोमन्ना कोरबा नगर पालिका निगम के वार्ड क्रमांक 52 दर्रीखार स्थित मणी कंचन केंद्र पहुँचकर स्वच्छता दीदियों से रूबरू हुए एवं स्वच्छता दीदियों द्वारा केंद्र में किए जा रहे गतिविधियों का अवलोकन कर होने वाली आय की भी जानकारी ली। उनके द्वारा केंद्र में ठोस कचरा एकत्रीकरण व पृथक्करण कार्य, प्लास्टिक बोरी से झाल बनाने, जैविक खाद निर्माण, बड़ी-पापड़, टोकरी, पैरदान जैसे अनेक तैयार उत्पादों का अवलोकन कर महिला समूह से उनकी कार्यविधि एवं होने वाली आय के सम्बंध में चर्चा की गई। उन्होंने महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि आपकी सेवा अमूल्य है। आप सभी शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अधिकारियों को गम्भीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने स्वच्छता दीदियों को शासन द्वारा दी जाने वाली ड्रेस व सुरक्षा सामग्री वितरित की एवं महिलाओं ने केंद्र में गोधन से तैयार किए गणेश की मूर्ति एवं अन्य उत्पाद केंद्रीय मंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किए। बुनकरी समुदाय को प्रोत्साहित करने और उनकी कला व हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्री श्री सोमन्ना छुरीकला नगर पंचायत में बुनकर समूह से भेंट की और कोसा (तसर) से धागा तैयार करने की प्रक्रिया का अवलोकन किया।

केंद्रीय मंत्री ने बुनकरों की मेहनत और कला की सराहना करते हुए स्थानीय स्तर पर कोसा के उत्पादों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। करतला विकासखंड के ग्राम बैगापाली में जल जीवन मिशन के कार्यों का अवलोकन करते हुए श्री सोमन्ना ने ग्रामीणों से योजना से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हर घर जल पहुँचाना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। साथ ही इसका रखरखाव भी बेहतर हो, अधिकारी इसका भी विशेष ध्यान रखे। केंद्रीय मंत्री ने ग्रामीणों से पानी मिलने के समय की जानकारी लेते हुए पानी के समुचित उपयोग की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे पानी का सदुपयोग करें और उसका दुरुपयोग होने से रोकें। उन्होंने कहा कि जल संचयन और जल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने महिला हितग्राही श्रीमती जमुना बाई के घर में टेपनल से पहुँच रहे पेयजल का अवलोकन कर उन्हें बधाई दी। हितग्राही ने बताया कि घर पर ही पेयजल उपलब्ध होने से उन्हें बहुत राहत मिली है। अब उसे पानी लाने के लिए बाहर नही जाना पड़ता। केंद्रीय मंत्री श्री सोमन्ना ने करतला ब्लॉक के सलिहाभांठा में जिला प्रशासन एवं स्वयं सेवी संस्था के सहयोग से महिलाओं के कौशल उन्नयन आजीविका सवंर्धन एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु संचालित केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा केंद्र में बांस से तैयार किए जा रहे आकर्षक उत्पादो का अवलोकन कर उनके कार्यो की प्रशंसा की। उन्होंने केंद्र में स्थित मशीनों के उपयोग के लिए महिलाओं को निपुण बनाने एवं स्वावलंबी बनाने के लिए गम्भीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

## दुष्कर्म को 20 साल की सजा

कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत नाबालिग छात्रा को विद्यालय से बहला-फुसलाकर भगा ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले कथित आरोपी को अपराध सिद्ध होने पर विशेष न्यायालय एफटीएसी (पाक्सो) कटघोरा ने 20 वर्ष कठोर कारावास एवं 3000 रूपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार थाना बांकीमोगरा क्षेत्र अंतर्गत नागिनभाठा सुमेधा निवासी के द्वारा अपने ही क्षेत्र की नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दीये जाने का आरोप लगा था। नाबालिक लड़की के विद्यालय से उसके परिजनों को फोन कर बताया गया कि आपकी लड़की बिना बताये विद्यालय से कहीं चली गई है। जब लड़की घर नहीं पहुंची तब उसके परिजनों ने थाना बांकीमोगरा में रिपोर्ट दर्ज करायी थी, जिसके आधार पर पुलिस ने कथित आरोपी के विरूद्ध धारा 363, 366, 376 (2) (एन) भादवि एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 06 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। मामले की सुनवाई एफ. टी. एस .सी श्रीमती श्रद्धा शुक्ला शर्मा के विशेष न्यायालय में चल रही थी जहां कथित आरोपी के विरूद्ध दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 3000 रूपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।

### पक्की सड़क को स्वीकृति ,ग्रामीणों को मिलेगी राहत

कोरबा/पोड़ी उपरोड़ा। कोनकोना क्षेत्र में पीएमजीएसवाइ सड़क को स्वीकृति मिली है। सड़क के बन जाने के बाद ग्रामीणों को राहत मिल सकेगी । जिले के पोड़ी उपरोड़ा जनपद के अधीन आने वाले लगभग 2000 की जनसंख्या एवं 1700 मतदाता संख्या और 20 वार्ड वाले ग्राम पंचायत कोनकोना की निर्वाचित महिला सरपंच श्रीमती अमिता राज पंचायत की राजनीति में आने से पहले गृहणी थी। विभिन्न विकास कार्यों का धरातल पर सफल क्रियान्वयन करते हुए पंचायत का सुसंचालन करने वाली सरपंच अमिता के अथक प्रयास से गांव के कच्चे मार्गों और पगडंडी पर चलने वाले लोगों को अब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पक्के मार्गों की सौगात मिलेगी। यहां के ग्रामीणों की लंबे अर्से से मांग रही कि बरौदखार, छिबरीपारा, समेलीभांठा व भुडूपानी कच्चे व पगडंडी मार्गों में पक्की सड़क बन जाने से उनका जीवन आसान हो जाएगा। बताया गया कि एनएच मार्ग बरौदखार से भूलेझरिया- 15 किमी., एनएच मार्ग छिबरी से छिबरीपारा बस्ती तक- 2.50 किमी., पंचायत कार्यालय भवन से समेलीभांठा- 4.50 किमी. और एनएच मार्ग भालू मोड़ से भुडूपानी तक- 04 किमी. सड़क निर्माण की मंजूरी शासन से मिली है और जल्द ही कार्य प्रारंभ होगा। जिसके निर्माण से शिवपुर, कोठारपारा, पंडरीनार, डांघीआम सहित लगभग दर्जन भर गांव के ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा।

### बीएमएस का श्रमिक संपर्क पखवाड़ा शुरू

बिलासपुर। भारतीय मजदूर संघ द्वारा अपने स्थापना के स्वर्णिम 70 वें वर्ष में प्रवेश पर पूरे वर्ष भर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 1 से 15 दिसंबर तक विशेष श्रमिक संपर्क अभियान पूरे देश भर में प्रारंभ किया जा रहा है। भारतीय मजदूर संघ जिला बिलासपुर में भी शहरी क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र, शासकीय एवं निजी क्षेत्र के स्थाई एवं अस्थायी श्रमिकों तक संगठन के कार्यों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए बिलासपुर के भारतीय मजदूर संघ कार्यालय में बैठक हुई।

# थ्रेशर मशीन के साथ दो एकड़ का धान जलकर खाक

## ट्रैक्टर इंजन में स्कार्पिंग से खलिहान में लगी आग



**जांजगीर-चांपा।** धान मिजाई के दौरान ट्रैक्टर इंजन में स्कार्पिंग से उठी चंगारी से खलिहान में आग लग गई। आग से ट्रैक्टर इंजन और थ्रेसर मशीन जल गई। वहीं 2 एकड़ की धान जलकर खाक हो गई। मामला बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुर का है।

किसान इन दिनों धान की मिंजाई में व्यस्त है। जल्द से जल्द धान की मिंजाई कर कसान समितियों में बेचना चाह रहे है। समय की बचत के लिए किसान ट्रैक्टर और थ्रेसर के माध्यम से मिंजाई करा रहे है। बलौदा क्षेत्र के ग्राम मदनपुर में राजकुमार बिंझवार शनिवार 30 नवंबर को अपने खलिहान में थ्रेसर और ट्रेक्टर के माध्यम से धान की मिंजाई करा रहा था। कोठार में करीब 3 एकड़ की फसल रखी थी। वहीं 2 एकड़ के धान की मिंजाई का काम चल रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर के इंजन से चिंगारी उठी। चिंगारी निकलते ही मौके पर अफरा तफरी मच गई। चिंगारी ने आग का रूप ले लिया। ट्रैक्टर इंजन और थ्रेसर मशीन को आग की लपटों ने घेर लिया। मिंजाई के लिए रखा धान भी आग की चपेट में आ गया।

आनन फानन में लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास शुरू किया। दमकल को भी सूचना दी गई। सूचना पर कुछ देर बाद दमकल मौके पर पहुंची। काफी प्रयास के बाद दमकल ने आग पर काबू पा लिया। इससे आग फैल नहीं सकी। अगर आग फैलती तो. आसपास रखे धान के खलिहान को भी अपनी चपेट में ले लेती। हालांकि आगजनी से किसान राजकुमार बिंझवार के दो एकड़ की धान जलकर पूरी तरह से खाक हो गई।

वहीं मिंजाई के काम में लगा ट्रैक्टर इंजन और थ्रेसर भी जल गया। आगजनी की इस घटना में लाखों का नुकसान हुआ है।

## लगरा विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में कार्यशाला आयोजित

**पामगढ़ ।** भारतीय विद्या मंदिर स्कूल लगरा में शिक्षकों के लिए शिक्षण प्रशिक्षण एवं नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संचालक गणेशराम पटेल के द्वारा सहायक प्राध्यापक अंतराम केशी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यशाला में मुख्य प्रवक्ता एआर केशी सहायक प्राध्यापक उत्कर्ष कॉलेज आफ एजुकेशन सरखों के द्वारा बच्चों को पढ़ाने के नए तरीके एवं गतिविधि आधारित शिक्षा के महत्व को बताय गया। बच्चों के स्किल को पहचान कर उनके विकास करने के तरीकों को बहुत ही सरल शब्दों में बताया गया। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को कैसे अध्यापन करना है बच्चों में कैसे स्किल डेवलपमेंट करना है इसके बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी टीचर्स उपस्थित थे। शिक्षक प्रशिक्षण के दौरान ही बच्चों को भी मोटिवेशनल क्लास लिया गया जिसमें बच्चे कैसे अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो, कैसे हमें केवल अपने लक्ष्य पर ही ध्यान देना है। इन सब के बारे में विस्तार से बच्चों को बताया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

**रायगढ़।** शनिवार की सुबह जामगांव रेलवे स्टेशन से एक किलोमीटर दूर रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिला। सूचना क्षेत्र में तेजी से तरह फैल गई और भीड़ जमा हो गई। वहीं युवक की पहचान जामगांव निवासी ज्योति शर्मा के रूप में हुई। मामला चक्रधरनगर थाना क्षेत्र की है। मृतक के बेटे ने पुलिस को बताया कि उसके पिता 5 साल से परिवार से अलग रहता था। उसे मिर्गी बीमारी थी। मजदूर कर अपना जीवन यापना करता था।

# सड़क पर यमदूत बनकर फर्राटे भर रहे विशालकाय वाहन

## सप्ताह भर में तीन की मौत और 12 हुए घायल

**जांजगीर-चांपा।** जिले की सड़कों पर भारी वाहन यमदूत बनकर फर्राटे भर रहे है। तेज रफ्तार भारी वाहन हर दिन किसी ना किसी को अपनी चपेट में ले रहे है। सप्ताह भर के भीतर ही भारी वाहनों की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं दर्जन भर लोग घायल हुए है। तेज रफ्तार से दौड़ रहे भारी वाहनों के कारण सड़क पर जान का जोखिम बन गया है। जरा सी चूक लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। फर्राटे भरते हाइवा, ट्रेलर और ट्रक राहगीरों को अपनी चपेट में ले रहे है। जिले में सप्ताह भर के अंदर ही ऐसे कई हादसे सामने आ चुके है। हादसों में 12 लोग घायल हुए है। वहीं 3 लोग काल के गाल में समा गए है। अकलतरा थाना क्षेत्र के अमरताल में 25 नवंबर की रात एक ट्रक से कार की भिडंत हो गई।



टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी तरह मंगलवार 26 नवंबर को दोपहर साढ़े 3 बजे अमरताल में ही एक अन्य घटना में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार ग्राम जेवरा पामगढ़ निवासी संदीप खुराना की मौत हो गई। वहीं बाइक में सवार अनिल कश्यप, मंजू दिवाकर एवं सुहानी कश्यप गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों एवं ग्राम वासियों के द्वारा अमरताल ग्राम में ब्रेकर, डिवाइडर एवं मुआवजा राशि की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया गया। इधर 27 नवंबर को जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन में डाक पार्सल कंटेनर की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मार्निंग वॉक पर निकली लक्ष्मी भारद्वाज के सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पैर ही मौत हुई। वहीं उसके साथ मार्निंग वॉक कर रही ज्योति यादव और सुनीता बरेठ गंभीर रूप से घायल हुए। अगले ही दिन जिला मुख्यालय जांजगीर में हुए एक अन्य हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई। बाइक में सवार शिक्षक लक्ष्मीनारायण कश्यप को 28 नवंबर की रात करीब 8 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि हेलमेट भी बाइक सवार लक्ष्मीनारायण के किसी काम नहीं आया। बाइक सवार के सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## मायुमं व महिला शाखा का कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर आज से

**चांपा।** स्व. जगदीश प्रसाद केडिया एवं श्रीमती संतराबाई केडिया की स्मृति में मारवाड़ी युवा मंच एवं महिला शाखा चाम्पा द्वारा श्री महावीर विकलांग सहायता समिति क सहयग से तीन दिवसीय नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयजन 1, 2 एवं 3 दिसम्बर को गौरव पथ स्थित श्री कृष्ण हॉस्पिटल में किया गया है। यह जानकारी देते हुए मायुम शाखा चाम्पा के अध्यक्ष शलभ केडिया तथा महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती श्वेता अविनाश मोदी ने बताया कि शिविर का शुभारंभ रविवार 1 दिसम्बर को सुबह 11 बजे छ.ग. विधानसभ में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत क मुख्य आतिथ्य में होगा । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जांजगीर-चाम्पा विधायक व्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेन्द्र सिंह, पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत, वरिष्ठ समाजसेवी धीरेन्द्र बाजपेयी, मंच के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अमर सुल्तानिया तथा श्री कृष्णा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. लक्ष्मीकांत सोनी उपस्थित रहेंगे। तीन दिवसीय शिविर के दौरान दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ, पैर, कैलिपर, बैसाखी एवं कम सुनने वाले के लिए कान की मशीन नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। अब तक मंच द्वारा शिविर में शामिल होने क लिए 250 से अधिक लोगों का पंजीयन किया जा चुका है। मंच में कार्यक्रम में जरूरत मंद लोगों से शामिल होकर लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

# ईश्वर ने कोई जाति, धर्म, समुदाय भाषा नहीं बनाया: कपालिक बाबा

**अकलतरा।** अघोर आश्रम पोड़ी दल्हा में 29 नवम्बर को अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम का 33वां महानिर्वाण दिवस कपालिके धर्म रक्षित राम बाबा के सान्निध्य में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रात: लगभग 8 बजे बाबा द्वारा अघोरेश्वर महाप्रभु के चित्र में पुष्प अर्पित कर पूजन एवं आरती की गई। आश्रम के भक्तों द्वारा सफलयोनि का पाठ हुआ। तदुपरांत श्रद्धालुगणो द्वारा भी पूजा-अर्चना की गई। इस बीच हवन का कार्यक्रम सम्पन्न किया। प्रसाद वितरण के बाद भक्तों ने बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महानिर्वाण दिवस पर अघोर आश्रम में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। बिलासपुर के प्रथम हॉस्पिटल एवं जांजगीर के मल्टी स्पेशालिटी हॉस्पिटल के अलावा पोड़ी दल्हा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य के केन्द्र, आयुष विभाग अकलतरा की मेडिकल टीम के द्वारा 660 और पर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया उन्हें दवाइयां दी गई। इस मौके आयोजित गोष्ठी में कपालिक बाबा ने कहा कि ईश्वर ने कोई जाति, धर्म, समुदाय, भाषा आदि नहीं बनाया। उसने हमें मनुष्य बना कर मनुष्यता के आचरण निमित्त इस लोक में भेजा है। यथार्थ में हमारी मूल जाति मानव जाति है एवं हमारा धर्म मानवता निर्वाह करना है। आज की परिस्थितियों में मुक्ति मन से यह स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी देन होगी कि जाति, प्रांत और विभिन्न भाषा भाषी दक्षेत्रों के सभी लोग आदर सम्मान और प्यार के पात्र हैं। इस वर्ष भी सर्व धर्म समभाव की भावना के उद्देश्य से मंदिर, मस्जिद तथा गिरिजाघरों में झाड़ू वितरण किया गया। जिसका संदेश है कि हमें इन धार्मिक स्थलों में जाने अपने मन की बुराइयों और कामनाओं को बुहारना है।

**जरूरतमंदों को किया गया कंबल वितरण**

आश्रम में लगभग 3 बजे कापालिक 2. धर्म रक्षित राम बाबा के के सानिध्य में कंबल वितरण का कार्य शुरू हुआ जो रात 9 बजे तक चलता रहा। इस अवसर पर इस वर्ष लगभग 7 हजार जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। साथ ही सरकारी अस्पताल फल 170 अकसर में मरीजों को तथा फुटपाथ में निवासरत लोगों को भी कंबल दिया गया। हजारों की संख्या में जरूरत मंद लोग एवं श्रद्धालु आश्रम में उपस्थित हर और सेवा का लाभ लिया। दिनभर भजन-कीर्तन भी दौर चलता रहा।

## नव दायित्व की घोषणा: विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**जांजगीर-चांपा।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की जिला बैठक शिवरीनारायण के रामा मेट्रो सिनेमा में हुई। जहां नव दायित्व की घोषणा की गई। जहां आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई।

विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सीताराम कुंभकार ने बताया कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से हिंदू समाज की संस्कृति को बनाए रखने के लिए बजरंगी युवाओं को आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि सनातन धर्म से चली आ रही हमारी संस्कृति परंपरा को बनाए रखने के लिए हमेशा तत्पर रहें। उन्होंने बताया कि धर्म व संस्कृति के खिलाफ छेड़छाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा उन्हें हिंदू समाज कड़ा सबक सिखाएगा। बैठक में हिंदूजन भारी संख्या में उपस्थित रहे उपस्थित बजरंगियों ने मातृभूमि, हिंदू बहनों के साथ-साथ धर्म के तीन आधार स्तंभ गौ- गंगा और गीता की रक्षा करने और त्रिशुल दीक्षा को सफल बनाने संकल्प लिया। प्रखंडों के जिले के ओर नगर के कई दायित्वों की घोषणा की गई।

**कार्यकारिणी का हुआ विस्तार**

जांजगीर जिला गौ रक्षा प्रमुख सयोजक सूरज यादव, जिला मीडिया प्रमुख आशीष कश्यप, अखाड़ा प्रमुख अंकित तिवारी, जिला सेवा प्रमुख रमेश साहू, जिला सह सेवा प्रमुख शिव प्रसाद साहू, सह संयोजक प्रखंड नवागढ़ से भानु कश्यप, शिवरीनारायण नगर में संयोजक अमन कुंभकार, सह संयोजक अभिषेक यादव गौ रक्षक प्रमुख सूरज केसरवानी, सुरक्षा प्रमुख विवेक यादव, अखाड़ा प्रमुख मनीष गुप्ता महिला शक्ति अन्नू श्रीवास मातृ शक्ति सह संयोजक रोशनी आदित्य को बनाया गया।

# मिलर्स से नहीं मिला बारदाना, पीडीएस के बारदाने कटे-फटे निकल रहे

**जांजगीर-चांपा।** कस्टम मिलिंग के विरोध में इस बार मिलर्स का बारदाना उपार्जन केंद्रों तक नहीं पहुंच पाया है। नए बारदानों के साथ पीडीएस का बारदाना उपार्जन केंद्रों तक पहुंचा है। इसी में खरीदी हो रही है। इसमें पीडीएस के कई बारदाने इतने कटे-फटे और पुराने निकल रहे हैं कि उसमें धान पलटी करने के दौरान ही किसानों का धान गिर रहा है। धान न गिर इसके लिए फटे स्थानों पर पैरा भर कर काम चलाया जा रहा है। अब जिले में धान खरीदी ने रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। जिले के 129 उपार्जन केंद्रों में से 92 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की शुरूआत हो चुकी है। इधर दिसंबर माह के शुरूआती हफ्ते के लिए टोकन कटना जारी है। जिससे पहले हफ्ते तक ही सभी 129 केंद्रों में धान की आवक हो जाएगी। इसके बाद जिले में बफर आवक होने लगेगी। इस स्थिति में मिलर्स का बारदाना नहीं मिला तो खरीदी में समस्या शुरू हो सकती है। हालांकि अफसरों का कहना है कि शनिवार से उपार्जन केंदों में मिलर्स से

बारदाना मिलना शुरू हो गया है। मार्कफेड के अनुसार उपार्जन केंद्रों के लिए करीब 12 लाख मिलर्स का

बारदाना जारी किया जा चुका है। ऐसे में बारदाने की समस्या नहीं होगी। बता दें, धान खरीदी में 50 फीसदी नया और 50 फीसदी पुराना बारदान उपयोग होता है। पुराना बारदाना पीडीएस का रहता है।

## रेत माफिया जिला प्रशासन पर पड़े भारी, सील की गई चैन माउंटेन मशीन को कर दिए गायब

**जांजगीर चांपा।** खनिज विभाग ने दो दिन पूर्व देवरघटरा रेत घाट में जिस चैन माउंटेन मशीन को अवैध रेत उत्खनन करते हुए पकड़ा था वह मौके से गायब हो गया है। रेत माफियाओं ने मशीन में लगाए सील को तोड़कर ले गए हैं। इससे यह साबित हो रहा है कि रेत माफिया जिला प्रशासन पर भारी पड़ रहे हैं। शुक्रवार को अधिकारी वाहन को खोजने निकले पर मौके पर वाहन नहीं था।

खनिज विभाग की टीम ने 22 नवंबर को महानदी देवरघटा में अवैध रेत उत्खनन पर छापामार कार्रवाई की थी। मौके पर नदी से दो चेन माउंटेन मशीन को जब्त किया था। उक्त दोनों मशीन को सील कर उसमें नोटिस चस्पा किया था। लेकिन मौके पर केवल एक मशीन दिखाई दी तो वहीं दूसरी मशीन गायब थी। खनिज अफसरों ने मौके पर जाकर देखा तो मशीन नहीं थी। जिसे देखकर खनिज अफसरों के हाथ पांव फूल गए। एक मशीन को पाकर खनिज अधिकारियों ने मुलमुला थाने के सुपुर्द किया है। वहीं दूसरी मशीन की तलाश की जा रही है। अब पुलिस से गुजारिश की जा रही है कि मशीन मालिक की तलाश की जाए ताकि उन पर कार्रवाई की जा सके।

## बिर्रा रोड चांपा में अंधेरे का आलम, हो रही सड़क दुर्घटनाएं

**जांजगीर-चांपा।** बिर्रा रोड एलीगेंट पब्लिक स्कूल से लेकर आगे रामा हॉस्पिटल तरफ के रोड लाइट महीनों से धूल खाते पड़ी है। बिर्रा रोड में न्यू रेलवे कालोनी एलीगेंट स्कूल से अगर कोई व्यक्ति शाम के बाद घाठोली तरफ आगे बढ़ेगा तो उसको अंधेरे में गुजरना पड़ेगा ये स्थिति एक महीने से बनी हुई है। ज्ञात हो कि चांपा नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 16 और 17 की आधी बस्ती बिर्रा रोड से घठोली चौक तक निवास करती है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि नगरपालिका क्षेत्र होने के बावजूद गांव से भी बदतर जिंदगी जीने मजबूर हैं। बरसात के दिनों में पानी की किल्लत से लोग परेशान रहते हैं और अब रोड लाइट खराब होने के कारण शाम के पहले ही घर के अंदर घुसकर रहना पड़ता है। बिर्रा रोड में रात में हाइवा जैसी बड़ी गाड़िया चलती है और रोड लाइट के नहीं होने से खतरा भी मंडराता है। उस एरिया के लोग नगरपालिका के सम्बंधित कर्मचारियों को इसकी सूचना दिवाली के पूर्व दे चुके हैं। लेकिन आज तक रोड की सभी लाइट खराब पड़ी है। इनका कहना है कि पालिका द्वारा हमसे सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। लोगों ने जल्द इस संबंध में पालिका का ध्यान देकर लाइट व्यवस्था को सुधारने की बात कही है। चांपा के बिर्रा रोड में आरओबी से लेकर घठोली चौक तक आए दिन भारी सड़क दुर्घटना होती है सड़क दुर्घटना में आए दिन लोगों की जान भी जाती है। कुछ दिनों पहले इसी रूट में हत्या की एक बड़ी वारदात हुई। वहीं अंधेरे की वजह से इस रूट 4 चोरी की घटनाएं भी आम बात हो चुकी है। इस रूट के लोगों का कहना है कि हम नगरपालिका को केवल टेक्स पटा रहे हैं लेकिन सुविधा नाम की चीज नहीं मिल पा रही है।

## बालक छात्रावास के शिविर में कानून की जानकारी दी

**रायगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मैट्रिक शास. कम. 'पुत्र बालक छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायालय के प्रधान जिला न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार ने अनुसूचित जाति जनजाति के व्यक्तियों/बच्चों को मौलिक आधिकार की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों की शिक्षा का अधिकार, मोटर व्हीकल एक्ट, बच्चों के सामाजिक विकास व अन्य दायित्व के संबंध में बताया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश जैन ने चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस होने की अनिवार्यता पर बल दिया। कहा कि जिनकी उम्र 18 साल से कम हो, उनका वाहन चलाना प्रतिबंधित है। साइबर क्राइम को लेकर कहा कि किसी भी कम्प्यूटर का अपराध स्थान पर मिलना या कम्प्यूटर से कोई अपराध करना कम्प्यूटर अपराध कहलाता है। निजी जानकारी कम्प्यूटर से निकाल लेना भी साइबर अपराध है। न्यायाधीश अंकिता मुदलियार ने विधिक सहायता, सलाह निशुल्क प्राप्त करना और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी।

# नशे से पूरा परिवार होता है बर्बाद: योगेश

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस व स्वैच्छिक संगठनों ने उमा विद्यालय में नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान ग्राम खैरबार के छात्र-छात्राएं व ग्रामीणों मौजूद रहे। कार्यक्रम में सरगुजा पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने कहा कि नशे की प्रवृत्ति सभी को छोड़ने की जरूरत है। नशे से एक सदस्य की ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की बर्बादी होती है। पुलिस नशा कारोबारियों पर उचित कार्रवाई कर सकती है पर समाज से नशा दूर करने सभी को आगे आना पड़ेगा। विद्यार्थी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अपने घर में माता-पिता को बताएं कि नशे से क्या-क्या नुकसान होता है।




समाज में नशापान करने वालों को सम्मान भी नहीं मिलता है। पुलिस अधीक्षक के समक्ष ग्रामीणों व स्कूल के बच्चों ने खुलकर ग्राम में चल रहे नशे के कारोबार के संबंध में बताया। पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने आश्वासन दिया है कि नशे के कारोबारियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। कार्यक्रम को समाज कार्यकर्ताओं ने भी संबंधित किया और बच्चों को इस अभियान से जुड़कर समाज को नशामुक्त करने में भागीदार बनने आह्वान किया।

## बाइक सवार से 60 पाव शराब जप्त

**जांजगीर-चांपा।** बाइक में ले जा रहे 50 पाव अवैध देशी प्लेन शराब के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। मामला अकलतरा शहर के वार्ड क्रमांक 7 का है। मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा के वार्ड क्रमांक 7 में अजय विश्वकर्मा व रूपेश सिंह द्वारा अवैध शराब का परिवहन की सूचना मिली। सूचना के आधार पुर अकलतरा पुलिस द्वारा अकलतरा के ओव्हरब्रिज पास अजय विश्वकर्मा एवं रूपेश सिंह को रूकवाकर पूछताछ की गई। पतासाजी करने पर बाइक क्रमांक सीजी 12 एपी 4039 में 50 पाव देशी प्लेन अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। उक्त शराब की कीमत 45 सौ रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने परिवहन करते पाए जाने पर आरोपियो के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की। वहीं आरोपियों को 30 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय, प्रधान आरक्षक संतोष यादव, आरक्षक विनोद राठौर, गौकरण राघवेन्द्र घृतलहरे का योगदान रहा।

## आपसी रंजिश में दो पक्षों के बीच मारपीट

**जांजगीर-चांपा।** आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट करने के मामले में एक दर्जन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला पामगढ थाना का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आपसी रंजिश को लेकर हुए मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 3 सितंबर को रात 10.30 बजे की है, जब दो पक्षों के लोग पूर्व रंजिश के कारण घर के बाहर गाली-गलौच करते हुए एक-दूसरे पर टांगी, डंडा और हाथ-मुक्का से हमला कर दिया था, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के व्यक्तियों को गंभीर चोटें आईं। थाना पामगढ़ में इस मामले में दो अपराध पंजीबद्ध किए गए थे। धारा 296, 351(2), 115(2), 118(1), और 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई थी। पुलिस ने कार्रवाई की और दोनों पक्षों के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने मारपीट की घटना को स्वीकार किया, और पुलिस ने इस मामले में प्रयुक्त टांगी, लाठी और डंडे को बरामद किया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## कोसा उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को किया गया प्रेरित

**रायगढ़।** बरमकेला के तसर फॉर्म तोरना में बुनियादी तसर रेशम कीट बीज संगठन द्वारा कृषकों को तसर के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. टी. सेल्व कुमार ने कृषकों को आधुनिक तसर कीटपालन तकनीकों से अवगत कराते हुए गुणवत्ता युक्त बीज से कोसा उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. विशाखा ने तसर कीट पालन के दौरान होने वाली बीमारियों व बचाव से संबंधित जानकारी दी। मुधप चंदन ने कोसा के बाजार मूल्य व सरकार द्वारा संचालित विभिन्न अधिसूचना के बारे में भी जानकारी से अवगत कराया। भागीरथी पटेल, बनमाली पटेल, मुरलीधर देवांगन ने तसर कीटपालन के उन्नत तकनीकी कार्यों को अपनाकर गुणवत्ता युक्त बीज कोसा उत्पादन करके अधिक से अधिक आय अर्जित करने संबंध में जानकारी दी।



# शिकायत पर देवगुड़ी पूजा स्थल पर बनाए गए मकान को तोड़ा

**कोटमी।** जीपीएम जिले के देवगुड़ी में कलेक्टर के संज्ञान के बाद अवैध निर्माण को तोड़ा गया। दरअसल, सकोला तहसील के ग्राम टांगियामार में ग्रामवासियों ने बेजाकब्जा की शिकायत की थी। इस दौरान बतायाा क आदिवासियों की देवस्थली देवगुड़ी पूजा स्थल शासकीय भूमि पर बना हुआ है। इसके बावजूद टांगियामार में कुछ लोग इस पूजास्थल में बेजाकब्जा कर जबरदस्ती मकान का निर्माण कर रहे है। इस क्रम में समाज के लोगों ने इस सम्बन्ध में जिला कलेक्टर लीना कमलेश मांडवी को ज्ञापन सौंपा। देवगुड़ी पूजा स्थल पर हो रहे अवैध निर्माण कार्य को जल्द ही रोकने की मांग की।

इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने पेंड्रा तहसीलदार अविनाश कुजूर को निर्माण कार्य को बंद कराने के निर्देश दिए। इस पर अमल करते हुए पेंड्रा तहसीलदार अविनाश कुजूर ने मौके पर देवगुड़ी में चल रहे अवैध निर्माण कार्यों पर रोक लगाया। देवगुड़ी शासकीय भूमि पर निर्मित अवैध संरचना को ग्रामवासियों, तहसीलदार अविनाश कुजूर, राजस्व निरीक्षक, पटवारी व कोटवारों की उपस्थिति में अतिक्रमण मुक्त कराया गया और आदिवासी समाज को सौंपा गया।

## नेशनल खेल के लिए छात्र हुए रवाना

**दगोरी।** डीएवी स्कूल गोढ़ी के छात्र विभिन्न खेलों जूडो, कराटे व बालिका क्रिकेट टीम नेशनल के लिए दिल्ली रवाना हुए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस एन पाण्डेय ने छात्रों का हौसला बढ़ाया। उन्होंनें कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## चिंताराम साहू ने अध्यक्ष पद की शपथ ली

**दगोरी।** सेवा सहकारी समिति मुरकुटा में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सहकारी समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चिंता राम साहू ने अपने पद की शपथ ली। उन्होंने कहा कि वे किसानों की समस्या पर ध्यान देंगे। उन्होंने बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक कौशिक पूर्व जिला पंचायत सदस्य, डॉ. रामकुमार कौशिक, जनपद सदस्य सभापति कमल मरावी, संस्था प्रबंधक ऑपरेटर विनय कुमार कुर्रे, सरपंच प्रतिनिधि अनिलपाल, धनीराम पाल, अमित कुमार ध्रुव फंड प्रभारी, हरदीप मरावी शंकर मरावी, धनुष पाल, मुखी साहू, आदि मौजूद रहे।

## रकम दोगुना करने के नाम पर ठगी, 2 गिरफ्तार

**जांजगीर।** रकम दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में फिरेन्द्र साहू सहित चार अन्य लोगों ने शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि बडेरबेली का सुनील दत्त शतरंज(31), उसका भाई शशि कपूर शतरंज ने रकम दोगुना करने का प्रलोभन देकर सतीश कुमार चन्द्रा से 3 लाख 80 हजार रुपए, सुरेन्द्र कुमार चन्द्रा से 1 लाख 50 हजार रुपए, राम कुमार साहू से 85 हजार रुपए, पूरन साहू से 55 हजार, राज कुमार चन्द्रा से 1 लाख 65 हजार और फिरेन्द्र साहू से 2 लाख 20 हजार रुपए अलग-अलग किस्तों में लिए थे।

## अनमोल वचन......

जिसकी फितरत हमेशा बदलने की होवह कभी किसी का नहीं हो सकता, चाहे वह समय हो या इंसान!

## पुतिन की वचनबद्धता खत्म

*रूस ने अपनी तरफ से परमाणु अस्त्र ना दागने की वचनबद्धता खत्म कर दी है। इसकी जगह अब प्रावधान किया है कि जब रूस नाटो के हमलों से खुद को खतरे में पाएगा, वह अपनी तरफ से परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा।*

*इस हफ्ते की दो घटनाओं ने तीसरे विश्व युद्ध को दुनिया के और करीब ला दिया है। पहले अमेरिका में निवर्तमान जो बाइडेन प्रशासन ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ एटीएसीएमसी मिसाइलों के इस्तेमाल का अधिकार दे दिया। उसकी प्रतिक्रिया में रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन ने देश का परमाणु अस्त्र सिद्धांत बदलने के आदेश पर दस्तखत कर दिए। अमेरिका ने जब इन मिसाइलों की सप्लाई यूक्रेन को की थी, तभी पुतिन सरकार रूस की संसद ड्यूमा से परमाणु सिद्धांत में परिवर्तन का प्रस्ताव पारित करा लिया था। एटीएसीएमसी अति-आधुनिक मिसाइलें हैं, जिनसे दुश्मन को भारी क्षति पहुंचाई जा सकती है। रूसी विशेषज्ञों के मुताबिक इन मिसाइलों को संचालित करने की क्षमता यूक्रेन के सैनिकों में नहीं है, इसलिए इन्हें चलाने के लिए विशेषज्ञ सैनिक भी नाटो के सदस्य देशों से भेजे गए हैं।*

*पुतिन ने कहा था कि इन मिसाइलों से हमले का मतलब नाटो सेनाओं की यूक्रेन में सीधी भागीदारी होगी, जिससे पौने तीन साल से जारी इस जंग का स्वरूप बदल जाएगा। तब रूस यह मानेगा कि उसकी सीधे नाटो से जंग चल रही है। इस क्रम में नाटो के हर सदस्य देश उसके निशाने पर होंगे। परमाणु सिद्धांत में परिवर्तन के तहत रूस ने अपनी तरफ से परमाणु अस्त्र ना दागने की वचनबद्धता खत्म कर दी है। इसकी जगह अब प्रावधान किया है कि जब रूस नाटो के हमलों से खुद को खतरे में महसूस करेगा, वह अपनी तरफ से परमाणु हथियार का इस्तेमाल करेगा। इस तरह यूक्रेन युद्ध ने बेहद गंभीर और खतरनाक रूप ले लिया है।*

*राहत की बात सिर्फ यह है कि अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टीम ने एटीएसीएमसी मिसाइलों के इस्तेमाल की इजाजत देने के बाइडेन प्रशासन के निर्णय की आलोचना की है। ऐसे में यह संभव है कि कोई अत्यंत खतरनाक कदम उठाने से पहले रूस अगले 20 जनवरी को ट्रंप के ह्वाइट हाउस में प्रवेश का इंतजार करे। ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध रोकने का इरादा जताया हुआ है। वे अपने इस चुनावी वादे पर कायम रहे, तो दुनिया महाविनाश से बच जाएगी। वरना, संभावित स्थितियों की कल्पना भी भयावह लगती है।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप किसी की मदद करेंगे जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप काम में अपने किसी मित्र का सहारा ले सकते हैं। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। धार्मिक कामों में आपका मन लगेगा। आज आपके कॉन्फिडेंस से कोई काम बन जायेगा। आज मार्किट से कोई मनपसंद वस्तु खरीदने का मन बना सकते हैं। नयी कार्य योजनाओं को स्टार्ट करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे, जिन्हें आपको चूकना नहीं है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। आज समाज में आपके अच्छे काम से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे।

**कर्क राशि-** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है, जिससे घर में खुशियां ही खुशियां होंगी। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, तारीफ मिलेगी। आज काम अधिक होने के कारण मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है, आपका पेशेंस आपको सफलता दिलाएगा।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में आपका काम देखकर जूनियर आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। आज बिजनेस में वर्तमान व्यवस्था को उचित बनाए रखने में आपका समय बीतेगा। आपको इसका सकारात्मक परिणाम भी हासिल होगा। इसलिए अभी किसी नए काम को शुरू ना करें। अगर बहुत दिनों से किसी से मिलने की सोच रहे है तो आज का दिन बेहतर है।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज छात्रों का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। आप जिस काम में काफी दिनों से व्यस्त थे वो काम आज पूरा हो जायेगा, आप काम करने के नए टारगेट बनायेंगे। आज आपका मन इश्वर की आराधना में लगेगा आप किसी मंदिर जाकर पूजा अर्चना करेंगे।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जायेंगे जहाँ आपको काफी अच्छा लगेगा। आपका अच्छा स्वभाव लोगों का प्रिय बनायेगा। आपकी सुख-सुविधाएं बनी रहेगी।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। आज ऑफिस में किसी से आपकी बहस हो सकती है। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। शारीरिक रूप से आपको थोड़ी थकावट महसूस हो सकती है, आपके काम की गति कुछ रुक सकती है।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कोई रुका काम पूरा हो जायेगा। आज सोसाइटी से संबंधित किसी विवाद में आपका प्रस्ताव निर्णायक साबित होगा।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा कार्य करने से पहले अपने बड़ों की राय लेना न भूलें, इससे आपको आगे बढ़ने में आसानी होगी। इस राशि के लोग आज किसी बड़ी योजना को शुरू कर सकते है, जिसका फायदा उन्हें आगे चलकर जरूर मिलेगा।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामंजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का हल निकालने में सक्षम रहेंगे, परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। आप अपने दोस्तों केसाथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे, जहाँ आपको काफी शांति महसूस होगी।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। ट्रांसपोर्ट के व्यापारी आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ कमाएंगे। आज आपके माता-पिता की नाराजगी आपसे खत्म होगी। आपके आसपास कोई धार्मिक कार्यक्रम होगा जिसमें आपका परिवार शामिल होगा।

# शांति कायम होने की खुशी लेकिन साथ-साथ डर भी

//श्रुति व्यास//

**उम्मीदें दुबारा जाग गई हैं। पश्चिम एसिया में तनिक शांति लौटी है। पिछले 14 महीनों से हिज़बुल्लाह और इजराइल की तकरार, लड़ाई कल थमी। हजारों विस्थापित लेबनानियों ने बेरूत और दक्षिणी लेबनान में युद्ध से बर्बाद और लगभग वीरान बस्तियां में लौटना शुरू किया है। शांति कायम होने की खुशी है। लेकिन साथ-साथ डर भी है। सीमा के दोनों ओर इस बात की चिंता है कि युद्धविराम कायम रहेगा या नहीं। आशा है कि 60 दिन का यह युद्धविराम और लम्बा हो जाएगा।**

अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता में हुए इस समझौते जिसे इजराइल और लेबनान की सरकारों ने स्वीकार किया है- के अनुसार इजराइल अपनी सेना लेबनान से हटा लेगा। हिज़बुल्लाह अपने लड़ाकों को दक्षिण लेबनान से बाहर भेज देगा। लेकिन इसकी समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि बहुत कुछ आगे के घटनाक्रम पर निर्भर करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हिज़बुल्लाह की किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्यवाही का माकूल जवाब देने का अधिकार इजराइल सुरक्षित रखता है।इस बीच हिज़बुल्लाह, जो पहले इस बात पर जोर देता था कि लेबनान का भविष्य गाजा से जुड़ा हुआ है , ने अपने ईरानी आकाओं के आशीर्वाद (और प्रोत्साहन) से अपना रवैया बदला और गाजा में चल रहे युद्ध से अपने को अलग करते हुए समझौता किया है। हिज़बुल्लाह ने किसी से भी सलाह-मशविरा किए बिना इजराइल पर राकेट दागने का खतरनाक फैसला किया था। इस भिडंत ने लेबनान को पिछले कई दशकों के सबसे भयावह युद्ध में धकेल दिया। इससे हिज़बुल्लाह लेबनान में और पूरे पश्चिमी एशिया में अलग-थलग पड़ा।

अब लेबनान के सामने अपने शहरों को फिर से बनाने की बड़ी चुनौती है। दुश्मन के शिविर में जासूसों के ज़रिये घुसपैठ कर इजराइल, हिजबुल्लाह के महासचिव आसीन हसन नसरूल्लाह सहित कई वरिष्ठ नेताओं की हत्या करवाने में सफल रहा है। इजराइल ने इस संगठन के प्रति वफादार लोगों की बस्तियों पर बम हमले किए जिससे लाखों लोग अपने घर छोड़कर भागने का मजबूर हुए। दर्जनों गांवों को बम से उड़ा दिया गया जिसके चलते बहुत से लोगों के सामने अब मुसीबत यह है कि अगर वे तुरंत वापिस आना चाहें भी तो उनके पास रहने के लिए कोई जगह नहीं है। लेकिन हिज़बुल्लाह के लड़ाके और समर्थक अभी भी लेबनान में मौजूद हैं। वापिस लौटने वाले लोग हिज़बुल्लाह के पीले झंडे लहराकर यह संकेत दे रहे थे कि यह हिज़बुल्लाह की जीत है। हिज़बुल्लाह युद्धविराम को अपनी जीत की तरह प्रस्तुत कर रहा है। जबकि वास्तविकता यह है कि हिज्बुल्लाह बुरी तरह तबाह है और उसके लिए अपनी पूर्व की शक्ति हासिल करना बहुत मुश्किल होगा। इसलिए हिज़बुल्लाह के लेबनान में और अन्य स्थानों पर मौजूद विरोधियों को उम्मीद है कि उसके कमजोर हो जाने से वह अब देश के राजनीतिक तंत्र पर अपनी मर्जी लादने में सक्षम नहीं रहेगा। हालांकि यह देखना होगा कि कितने राजनैतिक दलों की इतनी हिम्मत होगी कि वे एक कमजोर हो चुके हिज़बुल्लाह को भी चुनौती दे सकें। जहां तक इजराइल का सवाल है, बेंजामिन नेतन्याहू कईयों के विरोध के बावजूद युद्धविराम को स्वीकार करने के लिए  बाध्य हुए है। देश में और दुनिया में उनकी छवि बिगड़ती जा रही थी और उन्हें आलोचनाओं की मार झेलनी पड़ रही थी। इसके अलावा इजराइल लड़ते-लड़ते थकावट महसूस करने लगा था। सेना के लिए दो मोर्चों पर लड़ते हुए मजबूत स्थिति बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा था। युद्धविराम के बाद सेना अपना ध्यान बड़े युद्ध पर केन्द्रित रख पाएगी। नेतन्याहू ने लेबनान में युद्धविराम के लिए राजी होने की वजह यह बताई कि अब वे ईरानी खतरे पर ध्यान केन्द्रित कर पाएंगे। हालांकि उन्होंने यह साफ करने से इंकार कर दिया कि इससे उनका क्या आशय है। राष्ट्रपति बाइडन ने युद्धविराम का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे गाजा पट्टी में चल रहे हमास और इजराइल के युद्ध को रूकवाने की राह बनेगी। हालांकि इसके लिए पिछले कुछ महीनों में किए गए कूटनीतिक प्रयासों का कोई नतीजा नहीं निकला है। लेकिन बाइडन की उम्मीद अभी भी कायम है। अब उनके कार्यकाल का दो माह से भी कम समय बचा है और सोशल मीडिया पर उन्होंने कहा है कि अमेरिका आने वाले दिनों में गाजा में युद्ध विराम करवाने का एक और प्रयास' करेगा।

लेकिन जब वे ये उम्मीद भरी बात लिख रहे थे, उसी दौरान इजराइल ने गाजा के कई दर्जन इलाकों पर हमला किया और उन्हें हमास के सैन्य ठिकाने बताया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इन हमलों में कम से कम 33 लोग मारे गए और 134 अन्य घायल हुए। नेतन्याहू गाजा में युद्ध जारी रखने के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं। यह दृढ़ता अभी तो बीबी को सत्ता में बनाए रख सकती है किंतु ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद यह उन्हें भारी पड़ सकती है। ट्रंप ने नेतन्याहू से साफ शब्दों में कह दिया है कि वे चाहते हैं कि 20 जनवरी को उनके ओवल आफिस में काम संभालने के पहले लड़ाई बंद हो जाए। क्या नेतन्याहू झुकेंगे। या जो बाइडन यूरोप की मदद लेकर, ट्रंप के उछल-कूद शुरू होने के पहले इस बवाल को रोकने में सफल हो पाएंगे। किसी भी युद्ध में शांति कायम करना सबसे मुश्किल काम होता। लेकिन हर युद्ध का रुकना, भले ही वह कुछ अर्से के लिए हो, उम्मीद तो जगाता ही है।

## महायुति के रूप में चुनाव लडऩे को हुए मजबूर

देश अभी भी राष्ट्रवादी की आंधी से काफी दूर है और क्षेत्रवाद अभी भी भारतीय राजनीति में सिर चढ़कर बोल रहा है, यह संदेश फिर एक बार हाल ही में सम्पन्न दो राज्य विधानसभाओं के चुनाव परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है, साथ ही इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणामों ने आज के प्रमुख राजनीतिक दलों की स्थिति को भी स्पष्ट कर दिया है। कौन सा दल कितने गहरे पानी में है, उसकी अहमियत क्या रह गई है, उसे जन समर्थन कितना प्राप्त है, इन सब सवालों का जवाब देश के प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा महायुति' बनाकर चुनाव लडऩे से स्पष्ट हो रहा है, कभी देश में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ा करती थी और सरकारें बनाती थी, वे आज महायुति' के रूप में चुनाव लडऩे को मजबूर है, यही आज की राजनीति की मजबूरी है।

हाल ही में महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनाव परिणामों ने जहां मोदी जी की कथित एक-छत्रता' की स्थिति को स्पष्ट कर दिया है वहीं देश का वास्तविक राजनीतिक चरित्र भी लाकर सामने खड़ा दिया है।

आज जबकि देश की आजादी को करीब पचहत्तर साल का अरसा हो चुका है, तब यह महसूस किया जा रहा है कि अब देश का आम वोटर भी जागरूक होने लगा है और वह अब किसी लोभ-लालच या बहकावें से दूर रह कर अपने मताधिकार का उपयोग करने लगा है, श्री नरेन्द्र मोदी एक दशक से भी अधिक समय से प्रधानमंत्री है, किंतु झारखण्ड जैसा राज्य आज भी उनके प्रभाव से मुक्त है, अपने क्षेत्रिय हित को ध्यान में रखकर अपना राजनीतिक भविष्य तय कर रहा है, यही सही अर्थों में राजनीतिक जागरूकता का परिचायक है।

इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणामों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि दोनों राज्यों के मतदाताओं को अपनी अस्मिता से कितना लगा है, महाराष्ट्र ने जहां अपनी संस्कृति व राजनीतिक जागरूकता का परिचय देते हुए स्थानीय को महत्व देकर अपना मत प्रकट किया, वहीं झारखण्ड ने भी अपनी स्थानीयता को महत्व देते हुए, अपना मत प्रकट किया, यही आज के मतदाताओं की जागरूकता का स्पष्ट प्रमाण है, वे राष्ट्रीय और स्थानीय हितों का अंतर समझने लगे है, साथ ही इन परिणामों से यह भी स्पष्ट हो गया कि राजनीतिक दल अहम् नहीं, क्षेत्रवाद का हित सर्वोपरी है।

और अब धीरे-धीरे राष्ट्रीय हो या स्थानीय सभी राजनीतिक दलों को अपनी स्थिति का भी सही अहसास हो गया है। यही मतदाताओं की जागरूकता का परिचायक है। यदि यही सिलसिला चलता रहा तो वह दिन दूर नही जब भारतीय राजनीति फिर से विश्व की सिरमौर' बनकर विश्व पर राज करेगी और विश्व के सभी देश उसके अनन्य समर्थक होंगें।

# धनपति का एजेंट बन धंधे दिलाने का राजधर्म

//हरिशंकर व्यास//

**याद करें भारत में कौन सा राजा (सम्राट अशोक से लेकर पृथ्वीराज चौहान या मुस्लिम-अंग्रेज शासकों के कार्यकाल में), प्रधानमंत्री ऐसा हुआ, जिसने किसी उद्योगपति-व्यापारी की पैरोकारी को अपना राजधर्म बनाया। जवाब है कि ऐसा उदाहरण प्राचीन, मध्य और आधुनिक काल के किसी भी राजा, प्रधानमंत्री का नहीं है। क्यों। इसलिए क्योंकि राजनीति का उद्देश्य व कर्तव्य समाज के सभी वर्गों में संतुलन बनाने का है। राजा-प्रधानमंत्री कितना ही भ्रष्ट हुआ हो उसने किसी पर मेहरबान हो कर उसे लाइसेंस, कोटा  दे कर क्रोनी पूंजीपति बनाया हो लेकिन राजा खुद धनपति का एजेंट बन कर उसे काम धंधे दिलाने को राजधर्म बनाए ऐसा एक भी उदाहरण भारत के इतिहास में नहीं है!**

आखिर राजा, राजा होता है, उसकी गरिमा पूरी नस्ल, कौम और देश की आन-बान-शान का प्रतीक होती है! चीन, रूस, अमेरिका, जापान आदि तमाम देशों की सरकारें देश की समृद्धि, व्यापार, वाणिज्य के लिए कूटनीति करती हैं, करार करती हैं, शी जिनफिंग, पुतिन जैसे तानाशाह शासक क्रोनी पूंजीपतियों का खेला भी बनाते हैं लेकिन क्या कभी सुना कि इनमें से किसी ने किसी चाइनीज या रूसी उद्योगपति की पैरोकारी को अपना राजधर्म बनाया है।

अमेरिका घोषित पूंजीवादी देश है लेकिन उसका प्राथमिक धर्म सबको बराबर के अवसर मुहैया कराने का है। पूरी दुनिया में अमेरिकी कंपनियों का दबदबा और धंधा है लेकिन कंपनियां, अमेरिकी खरबपति अपने बूते, अपनी तकनीक, अपने प्रोडक्ट, अपनी सर्विस, अपनी उद्यमशीलता और कॉरपोरेट कायदों-नियमों से बने हुए हैं। सच्ची प्रतिस्पर्धा में बिजनेस करते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले कार्यकाल में अमेरिकी मोटरसाइकिल कंपनी हार्ले-डेविडसन को ले कर भारत पर दबाव बनाया था तो उसका आधार भारत-अमेरिकी व्यापार नीति में कस्टम ड्यूटी की असमानताओं के हवाले था न कि उस कंपनी की निज पैरोकारी थी। शी जिनफिंग हों या पुतिन, इनके इतने वर्षों के शासन में वहां के किसी भी एक ऐसे उद्योगपति का नाम नहीं है, जैसे भारत में नरेंद्र मोदी से गौतम अडानी का बना है! जिन कंपनियों और उद्योगपतियों को लेकर चर्चा थी कि चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी से फलां-फलां की किस्मत बनी उनमें एक भी शी जिनफिंग या पुतिन के माई बाप उद्योगपति के रूप में दुनिया में चर्चित नहीं है!  उलटे कभी जो ऐसे नाम सुने भी गए वे या तो जेल में (हां, चाइनीज खरबपति) है या गुमनामी में चले गए हैं!

क्यों इसलिए क्योंकि राजा, राजा होता है वह कैसे भला किसी सेठ को अपनी व्यवस्था, शासन, राजधर्म का पर्याय बनने दे सकता है। मगर भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गौतम अडानी को अपने राजधर्म में, जब तक सूरज-चांद रहेगा तब तक अडानी का राज चलेगा वाली जो परिघटना रची है वह विश्व के इतिहास में अनहोनी है।

और यह भारत का वैश्विक कलंक है! अमेरिका, यूरोप और वैश्विक वित्तीय जगत में अडानी ग्रुप की आज बदनामी का सत्य अपनी जगह है लेकिन क्या विश्वास करेंगे कि अफ्रीका के केन्या में भारत को लेकर क्या नैरेटिव बना हुआ है। बतौर भारतीय मेरे और आपके, 140 करोड़ लोगों के वजूद में केन्या में सुनाई दिए इस वाक्य पर जरा गौर करें- भ्रष्ट भारतीय आखऱिकार यहां आ ही गए। मुझे भरोसा नहीं हो रहा है कि ये सब हो रहा है। हमारे राष्ट्रपति जो केन्या से बहुत मोहब्बत करते हैं, उन्होंने 30 साल के लिए एयरपोर्ट अडानी को दे दिया है। अडानी सुन लीजिए अगर 2027 में हम राष्ट्रपति चुने गए तो आपको यहां से भागना होगा। हम भ्रष्टाचार से नफ़रत करते हैं, इसलिए आपसे भी नफ़रत करते हैं।

उफ! यह भावना। तभी केन्या के राष्ट्रपति ने जब संसद में अडानी के ठेके को रद्द करने की घोषणा की तो सारे सांसदों ने खड़े हो कर ऐसे तालियां बजाई मानों कोई ऐतिहासिक काम हुआ हो, भ्रष्टाचार से आजादी मिली हो !क्या इसका यह मतलब नहीं है कि भारत अब भ्रष्टाचार एक्सपोर्ट कर रहा है! एक अदानी से दुनिया में भारतीय भ्रष्ट भारतीय'  करार दिए जा रहे है! और वैश्विक सुर्खियां है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गौतम अडानी के धंधे को अपना राजधर्म बना रखा है। श्रीलंका हो, बांग्लादेश हो, ऑस्ट्रेलिया हो, अमेरिका हो या यूरोप और वैश्विक वित्तिय व्यवस्था में सर्वत्र गौतम अडानी की चर्चा है। उनके साथ उनके बतौर प्रमोटर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम है! और अडानी का अर्थ क्या? भ्रष्ट भारतीय आखिरकार यहां आ ही गए। संघ परिवार और भाजपा की बुद्धि भले न माने कि भ्रष्ट भारतीय' की वैश्विक चर्चा भारत की भी बदनामी है। और तभी सोशल मीडिया पर यह देखने-सुनने में मिल रहा है कि अडानी भारत का राष्ट्र गौरव है तथा हिंदू आइडिया ऑफ इंडिया के जगत सेठ की बदनामी एक वैश्विक साजिश है। दुनिया जलीभुनी हुई है भारत के नवोदित खरबपति से! मतलब बुद्धि-विवेक को ताक पर रख कर राष्ट्रधर्म पर इस तरह विचार! तभी नामुमकिन नहीं है कि आने वाले समय में संघ परिवार के बौद्धिक यह साहित्य भी रचने लग जाएं कि इक्कीसवीं सदी हिंदुओं के महाराणा प्रताप और उनके भामाशाह गौतम अडानी की थी और इन्होंने दुनिया में पताका फहराते हुए कैसे-कैसे पापड़ बेले!

बहरहाल, असल बात है इस इक्कीसवीं सदी में हम हिंदुओं के विवेक को यह क्या हुआ जो उनके शासन का राष्ट्रधर्म एक उद्योगपति के सरंक्षण व प्रमोशन का! ऐसा न रामजी, पांडवों के समय में था। न सम्राट अशोक या विक्रमादित्य या चंद्रगुप्त मौर्य व पृथ्वीराज चौहान के समय था। न ही अकबर, जहांगीर, अंग्रेज के दरबार में था तो न नेहरू, अटल बिहारी, मनमोहन सिंह के समय था।

अभी एक फिनोमिना अमेरिका में इलॉन मस्क का होता हुआ है। अमेरिकी इतिहास में भी पहली बार है जो राष्ट्रपति के अनुयायी के रूप में प्रशासन की भावी दशा-दिशा में मस्क अपना रोल बनाने की संभावना लिए हुए हैं। इससे अमेरिका के भीतर, पूरी पश्चिमी सभ्यता में चिंता और बहस है। कल ही गार्डियन' में यह पढऩे को मिला कि आधुनिक जर्मनी में सबसे लंबा शासन करने वाली पूर्व चासंलर एंजिला मर्केल ने अमेरिकी सरकार में इलॉन मस्क को ले कर भारी चिंता' जाहिर की। क्यों। इसलिए क्योंकि उनका मानना है कि राजनीति का उद्देश्य ताकतवर और सामान्य नागिरकों के मध्य सामाजिक संतुलन का शासन बनाना है। उनके अनुसार पश्चिमी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए डोनाल्ड ट्रंप को चुना जाना इसलिए चिंताजनक है क्योंकि उनके प्रशासन में बाहरी व्यक्ति (इलॉन मस्क) की भूमिका बनती लग रही है।

मर्केल के अनुसार, 16 वर्षों के शासन अनुभवों ने उन्हें सिखाया है कि बिजनेस तथा राजनीतिक हितों में हमेशा फाइन बैलेंस रखना चाहिए। पिछली बार और इस दफा ट्रंप को ले कर फर्क यह है कि अब वे सिलिकॉन वैली की कंपनियों के साथ एलायंस बनाए दिख रहे हैं और यह ठीक नहीं है। जो व्यक्ति (इलॉन मस्क) अंतरिक्ष में घूमते 60 प्रतिशत सेटेलाइटों का मालिक है, वह निश्चित ही राजनीतिक मसलों में हम लोगों के लिए भारी चिंता का विषय होना चाहिए। राजनीति से ही सदैव तय होना चाहिए कि ताकतवर और सामान्य नागरिक में सही सामाजिक संतुलन रहे। सन् 2007-08 में वैश्विक वित्तीय संकट पैदा हुआ तो बतौर जर्मनी की चांसलर मैंने अपनी राजनीतिक वजूद की अंतिम ऑथोरिटी से ही चीजें ठीक की थी, नए नियमों व बेलआउट के फैसले किए। लेकिन यदि फाइनल ऑथोरिटी कंपनियों (फिर भले पूंजी की ताकत या तकनीकी ताकत वाली हो) से प्रभावित हुई तो यह भविष्य के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। आजाद समाजों का एक बेंचमार्क है जो वे कॉरपोरेट पॉवर तथा अल्ट्रा रिच (खरबपतियों) के प्रभाव में नहीं हुआ करते। लोकतंत्र में कभी भी कंपनियों के आगे राजनीति शक्तिहीन नहीं होती'।

ध्यान रहे जर्मनी पूंजी और तकनीक की श्रेष्ठता से विकसित देश है। वैसे ही जैसे जापान या अमेरिका (अभी तक तो), ऑस्ट्रेलिया आदि हैं। इन महाविकसित लोकतांत्रिक देशों में राजनीति और शासन कभी भी किसी क्रोनी पूंजीवादी की पैरोकारी में बदनाम नहीं हुए। आम नागरिक के समान ही वहां खरबपतियों की हैसियत है।

## तस्वीरों की दुनिया



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी, नैनीताल स्थित एफटीआई सभागार में लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा विभाग एवं पेयजल विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की।



भाजपा नेता कैलाश गहलोत ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की।



केरल के कोझिकोड जिले के तिरुवंबदी के मुक्कम में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी, लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी वेणुगोपाल और अन्य।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अध्यक्ष देवेंद्र यादव नई दिल्ली में पार्टी की दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान।



प्रयागराज में आगामी महाकुंभ मेला 2025 उत्सव की तैयारी में मजदूर गंगा नदी पर तैरता हुआ पंटून पुल बना रहे हैं।



केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री (डोनर) ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में अष्टलक्ष्मी महोत्सव के प्रथम संस्करण के उद्घाटन समारोह में मीडिया को संबोधित किया।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ, बिहार के मधुबनी जिले में रिवर शुगरवे में रिवर फ्रंट डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का दौरा करती हुई।

# चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं, हर सवाल का मिलेगा जबाव चुनाव आयोग ने 3 दिसंबर को कांग्रेस नेताओं को बुलाया

**नईदिल्ली, 01 दिसम्बर [एजेंसी]।**




महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस की ओर से ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) समेत चुनाव प्रक्रिया से समझौता किए जाने को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर निर्वाचन आयोग ने शनिवार को जवाब देते हुए कहा कि चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। आयोग ने कहा कि इसके बाद भी पार्टी के जो भी सवाल है वह उन सभी का लिखित और मौखिक दोनों ही तरीके जवाब देने को वह तैयार है।

चुनाव आयोग ने कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को तीन दिसंबर को शाम पांच बजे मिलने अपने मुख्यालय बुलाया है। निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस पार्टी को यह जवाब उनकी ओर से 29 नवंबर को चुनाव में गड़बड़ियों को लेकर सौंपे गए ज्ञापन पर दिया है। जिसमें वोटों की संख्या और मतदान प्रतिशत को लेकर सवाल खड़े किए गए थे। कांग्रेस कार्यसमिति की शुक्रवार को हुई बैठक में भी महाराष्ट्र चुनाव में हेर-फेर का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने की बात कही गई हरियाणा के बाद महाराष्ट्र चुनाव नतीजों को लेकर उठाए गए सवालों पर आयोग ने अपने जवाब में कहा है कि मतदान के दौरान सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान प्रतिशत और कुल वोटरों की संख्या की जानकारी लगातार दी जाती रहती है। मगर इसके बाद भी अगर कुछ और शिकायतें और जानकारी हैं तो आयोग उनको विस्तार से सुनने का तैयार है। आयोग ने कहा कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए सदैव राजनीतिक दलों के सुझाव और शिकायतों का स्वागत करता है। खास बात यह है कि महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों के बाद शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने चुनाव में गंभीर गड़बड़ी का आरोप लगाया था। साथ ही ईवीएम में हेर-फेर की भी शिकायत की थी।कांग्रेस की ओर से लगाए गए दो प्रमुख आरोपों का शनिवार को चुनाव आयोग ने विस्तार से जवाब दिया। इसमें पहला आरोप मतदान प्रतिशत को लेकर था। जिसमें कांग्रेस ने मतदान के दिन पांच बजे और रात 11 बजे के आंकड़े में भारी अंतर की शिकायत की है। इस पर आयोग ने सफाई दी कि वोटिंग प्रतिशत की एक तय प्रक्रिया है, उसी का पालन मतदान के दौरान किया जाता है। जैसे-जैसे मतदान के आंकड़े आते हैं वैसे ही उन्हें पूर्व के आंकड़ों में जोड़ दिया जाता है। कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में दूसरी अहम शिकायत मतदाता सूची को लेकर कि है जिस पर आयोग ने कहा है कि यह प्रक्रिया प्रत्येक पार्टी को जानकारी देकर अपनाई जाती है।

सभी पार्टियां इसकी जांच परख भी करती हैं। कांग्रेस ने महाराष्ट्र चुनाव में शाम पांच बजे के बाद वोटिंग प्रतिशत में भारी उछाल के साथ इवीएम से जुड़ी शिकायतों के साथ शुक्रवार को चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी शिकायतें विस्तृत तौर पर रखने के लिए आयोग से मिलने का वक्त मांगा था। चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता से समझौता करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने के लिए देशभर में जनजागरण अभियान चलाने का ऐलान भी किया है।

## ईवीएम से चुनाव जीतने वाले राहुल और प्रियंका गांधी दें इस्तीफा तभी कांग्रेस के आरोपों पर जनता करेगी भरोसा, भाजपा ने की मांग



**नईदिल्ली, 01 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भाजपा ने ईवीएम की विश्वसनीयता सहित चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने के लिए शनिवार को कांग्रेस पर पलटवार किया और कहा कि उसके मुख्यमंत्रियों और राहुल गांधी जैसे अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों को इस्तीफा दे देना चाहिए और घोषणा करनी चाहिए कि वे मतपत्र से चुनाव होने पर ही इसमें भाग लेंगे। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने संवाददाताओं से कहा कि इस तरह का रुख उनके द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों पर उनके भरोसे को दिखाएगा। अन्यथा उनके आरोप खोखले शब्दों के अलावा कुछ नहीं हैं। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस को इस मुद्दे पर अदालत का रुख भी करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुप्रीम कोर्ट ने कई बार चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और ईवीएम की विश्वसनीयता की पुष्टि की है। कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि वे उसी चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए हैं, जिस पर विपक्षी पार्टी सवाल उठा रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह विडंबना है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ईवीएम पर उस दिन सवाल उठाया, जिस दिन प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली।

## चक्रवात फेंगल ने तमिलनाडु में दी दस्तक, तूफान के साथ कई जिलों में भारी बारिश, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बंद

**चेन्नई, 01 दिसम्बर [एजेंसी]।**



चक्रवाती तूफान फेंगल ने पुडुचेरी तट और तमिलनाडु में दस्तक देना शुरू कर दिया है। आईएमडी के मुताबिक चक्रवाती तूफान अगले तीन से चार घंटों में तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों को पार कर सकता है। 70-80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। इस बीच तमिलनाडु के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश का दौर जारी है।खराब मौसम की वजह से चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को शनिवार शाम सात बजे तक अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। उधर, इंडिगो एयरलाइंस ने चेन्नई आने वाली सभी उड़ानों को डायवर्ट कर दिया है। भारी बारिश की वजह से तमिलनाडु के नौ जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।प्रशासन ने पुडुचेरी तट पर सुरक्षा भी बढ़ा दी है। पुडुचेरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलैवानन ने क्षेत्र में समुद्र तटों और तटीय सड़कों का दौरा किया। तमिलनाडु में लोगों को चेन्नई में मरीना बीच, पट्टिनापक्कम और एडवर्ड इलियट बीच समेत समुद्र तटों पर न जाने की सलाह दी गई है। पुडुचेरी में पर्यटन स्थलों को चक्रवात फेंगल के कारण एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है। पुडुचेरी में तटीय क्षेत्रों मे 300 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।

आईएमडी के अनुसार शनिवार सुबह पुडुचेरी में मध्यम बारिश हुई। तमिलनाडु के विलुप्पुरम के मरकानम में भारी बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। चेन्नई के बेसेंट नगर इलाके में पेड़ उखड़ गए हैं। चेन्नई में भारी बारिश के कारण सड़कें जलमग्न हो गई हैं। कई इलाकों में लोग जलभराव से जूझ रहे हैं। न्यू वाशरमैनपेट, जेमिनी फ्लाईओवर और माउंट रोड इलाके में टखने तक जलभराव है। तूफान की वजह से तटीय इलाकों में बारिश और तेज हवाओं की वजह से मौसम बदल चुका है। चेन्नई में शुक्रवार की रात से आज सुबह तक लगातार भारी से मध्यम बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने कहा कि मौसम विभाग चेन्नई, श्रीहरिकोटा और चेन्नई के डॉपलर मौसम रडार के अलावा उपग्रह अवलोकनों से चक्रवात फेंगल पर लगातार नजर रख रहा है। आईएमडी के अनुसार चक्रवात आज शाम उत्तरी तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों से टकराएगा और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटों समेत दक्षिणी राज्यों के विभिन्न हिस्सों में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## गोवा के मुख्यमंत्री का निजी ईमेल हैक, कई घंटों बाद हुआ बहाल

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का निजी ईमेल कुछ समय के लिए हैक हो



गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला है कि 19 नवंबर की रात को हैकिंग के कारण जीमेल अकाउंट को कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा है।अधिकारी ने कहा कि गोवा पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने तुरंत कार्रवाई की और चार से पांच घंटे के बाद मुख्यमंत्री की निजी जीमेल आईडी बहाल कर दी गई। हैकर का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की जीमेल आईडी यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया से जुड़ी हुई है।

## कलयुगी पिता ने रिश्ते को किया शर्मसार, सौतेली बेटी से दुष्कर्म, अब कोर्ट ने सुनाई 141 साल की सजा

**मलप्पुरम, 01 दिसम्बर [एजेंसी]।**



केरल में नाबालिग सौतेली बेटी से कई वर्षों तक दुष्कर्म करने वाले पिता को दोषी ठहराया गया है। कोर्ट ने उसे 141 साल की कुल अवधि की सजा सुनाई है। मलप्पुरम जिले के मंजेरी शहर के त्वरित विशेष कोर्ट के न्यायाधीश अशरफ एएम ने पॉक्सो अधिनियम, भारतीय दंड संहिता और किशोर न्याय अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत दोषी को 141 साल की कुल अवधि की सजा सुनाई। कोर्ट के 29 नवंबर के आदेश के अनुसार, दोषी को कुल 40 वर्ष जेल की सजा काटनी होगी क्योंकि यह उसे सुनाई सबसे अधिक अवधि की सजा है। इसमें कहा गया कि विभिन्न प्रविधानों के तहत दी गई अलग-अलग सजाएं एक साथ चलेंगी। कोर्ट ने दोषी पर 7.85 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। इसके साथ ही पीड़िता को मुआवजा दिए जाने का भी आदेश दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोषी और पीड़िता तमिलनाडु के मूल निवासी हैं। सौतेला पिता 2017 से पीड़िता का यौन शोषण कर रहा था। अधिकारी के अनुसार, बच्चे ने अंततः अपनी मां को सूचित किया, जिसने एक दोस्त से सलाह लेने के बाद पुलिस को बुलाया।

## भारतवंशी काश पटेल होंगे FBI डायरेक्टर, डोनाल्ड ट्रंप ने जताया भरोसा

**वाशिंगटन।** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को अपने करीबी विश्वासपात्र काश पटेल को संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक के शक्तिशाली पद के लिए नामित किया है। इसके साथ ही काश पटेल आगामी ट्रंप प्रशासन में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय अमेरिकी बन गए हैं। ट्रंप ने काश पटेल की नियुक्ति की घोषणा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर की। ट्रंप ने शनिवार रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि कश्यप काश पटेल संघीय जांच ब्यूरो के अगले निदेशक के रूप में काम करेंगे। काश एक शानदार वकील, जांचकर्ता और अमेरिका फर्स्ट फाइटर हैं, जिन्होंने अपना करियर भ्रष्टाचार को उजागर करने, न्याय की रक्षा करने और अमेरिकी लोगों की रक्षा करने में बिताया है। भारतीय अप्रवासी के पुत्र पटेल पूर्व रिपब्लिकन कर्मचारी के रूप में ट्रंप के पहले कार्यकाल में रक्षा और खुफिया मामलों में उच्च पदों पर काम कर चुके हैं। पिछले वर्ष उन्होंने वादा किया था कि वह ट्रंप के विरोधी राजनेताओं और पत्रकारों के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। पटेल, ट्रंप के कितने वफादार हैं, इस बारे में अमेरिका के पूर्व उप राष्टीय सुरक्षा सलाहाकार चार्ल्स कप्परमैन ने न्यूयार्क टाइम्स को बताया है। उन्होंने कहा कि 2019 में जब ट्रंप जनता के विरोध का सामना कर रहे थे।

## सिलीगुड़ी से गंगटोक जा रही बस खाई में गिरी, 6 लोगों की मौत, दर्जनों घायल

**गंगटोक, 01 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सिलीगुड़ी से गंगटोक जा रही एक निजी बस खाई में गिरने से 6 लोगों की मौत और दर्जनों घायल हुए है। दुर्घटना शनिवार दोपहर की है। इसकी पुष्टी कालिम्पोग जिला अधिकारी ने की है। उन्होंने बताया है की पुलिस और सिविल अधिकारी घटना की जांच में जुटे है। घायलों को सिक्किम के रंगपो, सिंगताम जिला हॉस्पिटल और गंगटोक के हॉस्पिटलों में उपचार के लिए पहुंचाया गया है। पुलिस और अधिकारी टीम मृतक और घायलों की पहचान में जुटी है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल पंजीकृत डब्लूबी 73सी 4535 नम्बर धारी निजी बस (क्वॉलिटी) कालिम्पोग जिला के रंगपो परिसर स्थित भोटे भीर से तीस्ता नदी किनारे गिर गई। बालू के ढेर में अटकने के कारण नदी में गिरते गिरते बच गई।बस सिलीगुड़ी से गंगटोक की ओर जा रही थी। दुर्घटना में 6 लोगों ने घटना स्थल पर ही जान गंवा दी, जिनकी शव उद्धार किया गया है। मृतकों की पहचान जारी है। पुलिस घटना के कारण पता लगाने में जुटी है। पुलिस ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि मृतकों और घायलों की पहचान की जा रही है। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना है, क्योंकि कई घायल यात्रियों की हालत बहुत गंभीर है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय बस में सवार यात्रियों में कुछ पर्यटक भी थे।

## गाड़ी से आए और शुरू कर दी गोलीबारी, जिरीबाम हिंसा में जिंदा बचे दो भाइयों ने बताई उस रात की पूरी आपबीती

**नईदिल्ली, 01 दिसम्बर [एजेंसी]।**



मणिपुर के जिरीबाम में भयानक हिंसक घटना में एक ही परिवार के छह लोगों का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद एक बार फिर राज्य में हिंसा तेज हो गई है। हिंसा में पीड़ित परिवार के दो बच्चे, जो कि आपस में भाई हैं, सुरक्षित बच निकले। उन्होंने किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाई थी। उनमें से बड़े भाई की उम्र 14 साल है एवं छोटे भाई की उम्र 12 साल। अब दोनों भाइयों ने मीडिया को पूरा आंखों देखा हाल बताया है कि उस रात क्या-क्या हुआ था।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार उनकी मां, आठ साल की बहन, दादी, मां की बहन, उसका शिशु और तीन साल के बेटे को कुकी उग्रवादी उठाकर ले गए थे और बाद में उनकी हत्या कर दी थी। दोनों भाइयों में से बड़े भाई ने कहा कि वह हथियारबंद उग्रवादियों से भागने में कामयाब रहा। वहीं छोटे भाई ने बताया कि वह अपने अंकल-आंटी के साथ पास के एक दूसरे घर में था और वे सभी खेत में छिप गए थे।

## BMW वाला गरीब, अधिकारी भी ले रहे सरकारी पेंशन के मजे, केरल के घोटाले ने सभी को किया हैरान

**तिरूवनंतपुरम, 01 दिसम्बर [एजेंसी]।**




केरल में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। यहां के वित्त विभाग के ऑडिट में सरकार द्वारा दी जाने वाली सामाज कल्याण पेंशन में घपला पाया गया है। इस ऑडिट में ऐसी बातें सामने आई जिसने सबके होश उड़ा दिए। दरअसल, रिपोर्ट में पता चला कि हर महीने 1600 रुपये की सामाजिक कल्याण पेंशन पाने वाले लोगों की सूची में BMW कार के मालिक का भी नाम शामिल है। इस सप्ताह की शुरुआत में राज्य के स्वामित्व वाले सूचना केरल मिशन (आईकेएम) ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें कहा गया कि राजपत्रित अधिकारियों सहित कम से कम 1458 सेवारत सरकारी अधिकारी नियमित रूप से 1600 रुपये की मासिक सहायता प्राप्त कर रहे हैं। 2022 में CAG रिपोर्ट भी इस मासिक सरकारी सहायता घोटाले को दर्शाती है।

CAG रिपोर्ट में बताया गया है कि इस सूची में 9000 से अधिक अपात्र लोग शामिल हैं, जिन्होंने 2017 से शुरू होने वाले तीन साल की अवधि में 39 करोड़ रुपये हड़प लिए। राज्य सरकार पर मासिक सरकारी सहायता लाभार्थियों की पूरी सूची जारी करने का भी दबाव है। इस बीच, राज्य के वित्त मंत्री के. बालगोपाल ने संपन्न लाभार्थियों की निंदा की और सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। शुक्रवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और सीपीआई-एम के नेतृत्व वाली सरकार की भी आलोचना की।

भाजपा केरल के अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि राज्य सरकार को उन सेवारत सरकारी अधिकारियों की सूची जारी करनी चाहिए, जो राज्य सरकार की मासिक 1600 रुपये की सामाजिक कल्याण पेंशन निधि प्राप्त कर रहे हैं। आईकेएम के अनुमान के अनुसार, इस वर्ष सेवारत सरकारी अधिकारियों को भुगतान करने के लिए 23 लाख रुपये की राशि का उपयोग किया गया है। वर्तमान में पेंशन पाने वालों में स्कूल और कॉलेज के शिक्षक और राज्य सरकार के स्वास्थ्य और अन्य विभागों में काम करने वाले कर्मचारी शामिल हैं। केरल में लगभग छह मिलियन (60 लाख) लोग हैं, जिन्हें मासिक सामाजिक कल्याण पेंशन मिलती है।

## सीरिया के अलेप्पो पर विद्रोहियों का कब्जा राष्ट्रपति बशर अल-असद की मुश्किलें बढ़ीं

**दमिश्क।** सीरिया में वर्षों बाद एक बार फिर से लड़ाई छिड़ गई है। सीरियाई सेना ने माना है कि विद्रोही अलेप्पो शहर के बड़े हिस्से में घुस आए हैं और वहां पर उन्होंने दर्जनों सैनिकों को मार डाला है। शहर के बाकी हिस्सों से सेना ने अपने सैनिक बुला लिए हैं और अब विद्रोहियों पर जवाबी हमले के लिए रणनीति बनाई जा रही है।पता चला है कि अलेप्पो पर विद्रोहियों के कब्जे के बाद रूसी सेना सक्रिय हो गई है और उसके लड़ाकू विमानों ने विद्रोहियों पर हमले शुरू कर दिए हैं। सीरिया के दूसरे बड़े शहर अलेप्पो पर विद्रोहियों के कब्जे ने राष्ट्रपति बशर अल-असद की मुश्किलें फिर से बढ़ा दी हैं।




पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल, लोक अभियान के स्वयंसेवकों के साथ, दिल्ली चुनावों से पहले पार्टी के घोषणापत्र में शामिल करने के लिए नागरिक प्रतिक्रिया एकत्र करने के लिए नई दिल्ली में मेट्रो गेट नंबर 6, राजीव चौक के पास एक सार्वजनिक सर्वेक्षण कर रहे हैं।

## टूटे रिश्ते का मतलब आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं, इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

**नईदिल्ली, 01 दिसम्बर [एजेंसी]।**



भले ही टूटे हुए रिश्ते भावनात्मक रूप से परेशान करते हैं, लेकिन इसका अपने आप यह मतलब नहीं होता कि आत्महत्या के लिए उकसाया गया है और अगर कोई इरादा ना हो तो यह मामला दण्डनीय अपराध के अंतर्गत नहीं आता। यह बात शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कही। इसके साथ ही अदालत ने कर्नाटक हाई कोर्ट के उस आदेश को भी खारिज कर दिया जिसमें कमरुद्दीन दस्तगीर सनादी को आइपीसी के अंतर्गत धोखा देने और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दोषी करार दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह टूटे हुए रिश्ते का मामला है ना कि आपराधिक कृत्य।सनादी के ऊपर आईपीसी की धारा 417 (धोखा), 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 376 (दुष्कर्म) के आरोप लगाए गए थे। पुलिस एफआईआर में एक महिला ने आरोप लगाया था कि उसकी 21 वर्षीय बेटी आठ वर्षों से प्रेम में थी और आरोपित के शादी के वादे से मुकर जाने के बाद उसने अगस्त 2007 में आत्महत्या कर ली। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिकाएं खारिज करते हुए मुकदमे की सुनवाई पूरी करने का समय तय करने के उच्च न्यायालयों के निर्देशों पर आपत्ति जताई और कहा कि इन्हें लागू करना कठिन है। इनसे वादियों में झूठी उम्मीद जगती है। ऐसे निर्देशों से निचली अदालतों के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, क्योंकि कई निचली अदालतों में एक ही तरह के पुराने मामले लंबित हो सकते हैं।

जस्टिस अभय एस. ओका और आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हम हर दिन देख रहे हैं कि विभिन्न उच्च न्यायालय जमानत याचिकाएं खारिज करते हुए मुकदमों के निपटारे के लिए समयबद्ध कार्यक्रम तय कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने यह आदेश एक व्यक्ति को जमानत देते हुए पारित किया, जो जाली नोटों के मामले में ढाई साल से जेल में है। कहा कि मुकदमा उचित समय में पूरा होने की संभावना नहीं है और अपीलकर्ता इस स्थापित नियम के अनुसार जमानत पर रिहा किए जाने का हकदार है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद है। प्रत्येक अदालत में आपराधिक मामले लंबित हैं, जिनका कई कारणों से शीघ्र निपटारा आवश्यक है। पीठ ने 25 नवंबर के अपने फैसले में कहा कि केवल इसलिए कि कोई व्यक्ति हमारी संवैधानिक अदालतों में याचिका दायर करता है, उसे बिना बारी के सुनवाई का मौका नहीं दिया जा सकता।




## सर्दियां शुरू होते ही आपको भी होने लगी है ड्राइनेस की दिक्कत? ये घरेलू नुस्खे आएंगे काम

मौसम बदलने के साथ स्किन से जुड़ी कई तरह की समस्या भी बढ़ जाती है. अक्सर लोग ड्राई स्किन की समस्या से काफी ज्यादा परेशान रहते हैं. मौसम में जैसे-जैसे नमी बढ़ती है शरीर में नमी की कमी होने लगती है. स्किन में नमी बनाए रखने के लिए लोग अक्सर कई सारे क्रीम का इस्तोल करते हैं. जिनकी स्किन काफी ज्यादा ड्राई हो रही है वैसे लोगों को अक्सर नहाते वक्त गर्म पानी का इस्तेमाल करना चाहिए. ज्यादा गर्म पानी से नहाने से स्किन काफी ज्यादा ड्राई होती है. इसलिए गुनगुने पानी से नहाएं. खुद को हाइड्रेट रखें : हर दिन कम से कम आठ गिलास तरल पदार्थ पिएं, जिसमें चाय, दूध और कॉफ़ी शामिल हैं। विटामिन ए, सी और ई जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर आहार लें.लगातार मॉइस्चराइज़ करें: अपनी त्वचा को धोने के तुरंत बाद मॉइस्चराइज़र लगाए. आप लोशन की जगह मलहम या क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं.नारियल का तेल: इसमें संतृप्त वसा अम्ल होते हैं जो शुष्क त्वचा में मौजूद दरारों को भरने के लिए एक एमोलिएंट के रूप में काम करते हैं.शहद: इसमें सूजन-रोधी और रोगाणुरोधी गुण होते हैं.एलोवेरा: इसमें पॉलीसेकेराइड होते हैं जो त्वचा के विकास को प्रोत्साहित करने और शुष्क, चिड़चिड़ी त्वचा को ठीक करने में मदद कर सकते हैं.दलिया: नहाने में डालने या क्रीम में इस्तेमाल करने पर शुष्क त्वचा से राहत दिलाने में मदद कर सकता है.लंबे समय तक गर्म पानी से नहाने से आपकी त्वचा से तेल निकल सकता है. अपने नहाने के समय को 5-10 मिनट तक सीमित रखें और गर्म पानी का इस्तेमाल करें.ह्यूमिडिफ़ायर का इस्तेमाल करें: ह्यूमिडिफ़ायर आपके घर के अंदर की हवा में नमी जोड़ सकता है. नमी का स्तर 30त्न से ऊपर रखें.दस्ताने पहनें: दस्ताने आपके हाथों को पर्यावरणीय कारकों से बचा सकते हैं जो आपकी त्वचा को शुष्क कर सकते हैं.कोमल त्वचा देखभाल उत्पादों का उपयोग करें कठोर, शुष्क करने वाले साबुन, डिओडोरेंट, जीवाणुरोधी डिटर्जेंट, सुगंध और अल्कोहल से बचें.

# गोदावरी के तट पर हर चार अंगुल पर तीर्थ, ब्रम्हपुराण से मिलते हैं कई तथ्य

गोदावरी के प्रमुख तीर्थों में नासिक की महिमा बहुत मानी जाती है। यहां पर त्र्यम्बकेश्वर की गणना द्वादश-ज्योतिर्लिंग में की जाती है। भगवान राम ने यहीं पंचवटी में वनवास के कई साल बिताये थे। यहीं से सीता का हरण हुआ था। ब्रह्मपुराण में गोदावरी की महिमा के बारे में बताया गया है। महर्षि गौतम ने शंकर जी की कृपा से पृथ्वी पर इन्हें अवतरित किया। एक पुराण के अनुसार एक ब्राह्मणी योगाभ्यास करते-करते गोदावरी बन गई। गोदावरी पश्चिम घाट त्र्यम्बक पर्वत से निकल कर बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है। आयुर्वेद के अनुसार इसका जल औषधि है। ब्रह्मपुराण में कहा गया है कि गोदावरी के तट पर हर चार अंगुल पर तीर्थ हैं। गोदावरी की सात धाराएं निकलती हैं जिनके नाम हैं- वशिष्ठा, कौषिकी, बृद्ध, गौतमी, भारतद्वाजी, आत्रेयी और तुल्या।

गोदावरी के प्रमुख तीर्थों में नासिक की महिमा बहुत मानी जाती है। यहां पर त्र्यम्बकेश्वर की गणना द्वादश-ज्योतिर्लिंग में की जाती है। भगवान राम ने यहीं पंचवटी में वनवास के कई साल बिताये थे। यहीं से सीता का हरण हुआ था। प्रत्येक बारह वर्ष पर जब बृहस्पति सिंह राशि में होते हैं तो नासिक में कुम्भ पर्व होता है। मुंबई से दिल्ली जाने वाले मार्ग पर नासिक रोड़ प्रसिद्ध स्टेशन है। नासिक और पंचवटी वास्तव में दोनों एक नगर हैं। गोदावरी दोनों के बीच से बहती है। दोनों ही तटों पर तीर्थों की भरमार है।



गोदावरी त्र्यम्बक के पास से निकलती है। वर्षा के बाद यहां बहुत अधिक जल नहीं रहता। गोदावरी पर कई पुल बने हैं। गोदवरी में रामकुण्ड, सीताकुण्ड, लक्ष्मणकुण्ड, धनुषकुण्ड आदि अनेक तीर्थ हैं। स्नान का मुख्य स्थान रामकुण्ड है। रामकुण्ड में कुछ दूरी पर अरुणा की धारा गोदावरी में गिरती है। इसे अरुणा संगम कहते हैं। इसके पास सूर्य, चंद्र, अश्विनी तीर्थ हैं। लोग यहां कपड़े पहनकर स्नान करते हैं। रामकुण्ड के पीछे सीताकुण्ड है। पास में द्विमुखी हनुमान की प्रतिमा है। वहीं हनुमान कुण्ड, दशाश्वमेध तीर्थ हैं। पास में नारो शंकर मंदिर है। उसके आगे पेशवा कुण्ड, खण्डोवा कुण्ड, ओक कुण्ड, वैशम्पायन कुण्ड, इन्द्र कुण्ड, मुक्तेश्वर कुण्ड हैं। इसी गोदावरी में अहिल्या संगम तीर्थ है। सभी कुण्डों पर स्नान-ध्यान, पिण्डदान और तर्पण किये जाते हैं।

रामकुण्ड के ऊपर गंगाजी का मंदिर है। पास में गोदावरी मंदिर है। यह बारह वर्ष में केवल एक बार खुलता है। मंदिर के सामने बाणेश्वर शिवलिंग है। पास ही राम मंदिर है जिसे अहिल्याबाई ने स्थापित किया था। वहीं कुछ सीढ़ी ऊपर कपालेश्वर शिव मंदिर है। कपालेश्वर से दो फर्लांग की दूरी पर विशाल राम मंदिर काले पत्थर से निर्मित है। वहीं पंचवटी है जहां पांच बरगद के वृक्ष हैं। बरगद के वृक्ष के पास सीता गुफा है। सीता गुफा के पास ही भगवान नटराज की मूर्ति है। पास में ही राम गया तीर्थ है। पंचवटी के पुल के पास सुन्दरनारायण भगवान की मूर्ति है। यहां के प्रसिद्ध अन्य मंदिर निम्न हैं- उमा महेश्वर, नील कण्ठेश्वर, पंचरत्नेश्वर, गोराराम मंदिर, मुरलीधर, तिलभाण्डेश्वर, भद्रकाली, एकमुखदन्त एवं मुक्तेश्वर की अत्यन्त सुंदर कलापूर्ण मंदिर हैं। जहां गोदावरी में कपिला नामक नदी मिलती है वही तपोवन है। यहीं शूर्पणखा की नाक लक्ष्मण ने काटी थी। यहां आठ तीर्थ हैं- ब्रह्म तीर्थ, शिव तीर्थ, विष्णु तीर्थ, अग्नि तीर्थ, मुक्ति तीर्थ, कपिला तीर्थ और संगम तीर्थ। इन तीर्थों के पास कई मंदिर हैं।

नासिक से दस किमी की दूरी पर गंगापुर प्रपात है लेकिन अब यह प्रप्रात लुप्त हो गया है लेकिन यहां अनेक छोटे-छोटे तीर्थ हैं। थोड़ी दूरी पर सीता सरोवर है जहां चार-पांच कुण्ड हैं। नासिक से कुछ दूरी पर हाकली गांव में समर्थ रामदास द्वारा स्थापित हनुमान जी की मूर्ति है जो गोबर द्वारा निर्मित है। थोड़ी दूर पहाड़ी पर रामशैय्या है। वहां दो-तीन गुफाएं हैं। पाण्डव गुफा नासिक से कुछ दूरी पर है। यहां कुल 23 गुफाएं हैं। यहां हर गुफा में बुद्ध की मूर्ति है। तीफाड़ तहसील में मृगव्याधेश्वर शिव मंदिर है। कहते हैं भगवान राम ने मारीच को यहीं मारा था। नासिक से 40 किमी की दूरी पर जटायु क्षेत्र है जहां जटायु का अंतिम संस्कार किया गया था।

# नवजात बच्चे के लिए बेहद जरूरी है धूप, जान लें सही टाइम और खतरे

हमारे यहां दादी-नानी के जमाने से ही बच्चों को धूप दिखाने की आदत रही है. नवजात बच्चे के लिए सर्दियों की धूप बेहद फायदेमंद मानी जाती है. गुनगुनी धूप से बच्चे के शरीर को ढेर सारे फायदे मिलते हैं. हालांकि, कई महिलाएं अपने बच्चे को धूप में ले जाने से बचती हैं. उन्हें लगता है कि इससे उनकी तबीयत बिगड़ सकती है. अगर आपको भी ऐसा ही लगता है तो यहां जानिए बच्चे को धूप में ले जाने का सही टाइम, इसके फायदे और साइड इफेक्ट्स...

नवजात बच्चों को सर्दियों में धूप जरूर दिखानी चाहिए. शरीर में धूप लगने से कई तरह के इंफेक्शन और बीमारियां से बच्चे बचते हैं. धूप की गर्मी से शरीर में गर्माहट आती है, जिससे बच्चा एनर्जेटिक बना रहता है. ठंड के मौसम में बच्चे को सुबह 9 से 11 बजे तक धूप में ले जा सकते हैं. उनके लिए 15 से 30 मिनट की धूप काफी है. इससे ज्यादा धूप में बच्चो को न रखें. दोपहर के वक्त बच्चे को धूप में ले जाने से बचें.

**नवजात बच्चे के लिए धूप कितना जरूरी**



1. हड्डियों को मिलती है मजबूती

नवजात शिशु को थोड़ी देर धूप में ले जाने से उनकी हड्डियां मजबूत बनती हैं. उन्हें अच्छी तरह विटामिन डी मिलता है, जो शरीर में कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है. समय से पहले जन्मे बच्चों में विटामिन डी की कमी होती है, ऐसे में थोड़ी देर धूप उनके लिए अच्छी हो सकती है.

2. बच्चे का दिमाग बढ़ता है

सर्दियों की धूप दिलाने से नवजात बच्चों के दिमाग की ग्रोथ अच्छी तरह होती है. इससे दिमाग में सेरोटोनर्जिक की एक्टिविटी बढ़ती है. सेरोटोनिन हार्मोन मूड को कंट्रोल करने का काम करता है. धूप में बच्चे का सेरोटोनिन सही बना रहता है.

3. जॉन्डिस से बच्चे बचेंगे

बच्चे को धूप में ले जाने से जॉन्डिस यानी पीलिया का खतरा कम हो सकता है. कई अध्ययन में बताया गया है कि धूप बिल्रूबिन तोड़ने में मदद मिलती है. इससे त्वचा पीली पड़ जाती है. बच्चे को कुछ समय के लिए धूप में ले जाने से इस बीमारी को कम करने में मदद मिलती है. हालांकि अगर बच्चा बीमार है तो डॉक्टर की सलाह पर ही धूप ले जाएं.

सर्दियों में बच्चों को धूप कैसे दिखाएं

1. बच्चे की त्वचा नाजुक होती है, इसलिए ध्यान रखें धूप से उनकी त्वचा लाल न हो. 2. धूप में डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग करवाएं.3. धूप में ले जाने से पहले बच्चे को कैप बनाएं ताकि उनकी आंखों और चेहरे पर धूप सीधे न पड़े. 4. बच्चे को धूप में ले जाने से पहले उन्हें आरामदायक कपड़े पहनाएं ताकि सीधी धूप से उनकी त्वचा बचे. 5. अगर धूप में तेज हवा चल रही है तो बच्चे को बाहर न लेकर जाएं.

बच्चे के लिए धूप के साइड इफेक्ट्स

1. ज्यादा धूप की वजह से बच्चे में स्किन से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं. इसकी वजह से सनबर्न, स्किन इंफेक्शन या स्किन काला पड़ जाने जैसी समस्याएं हो सकती हैं.2. ज्यादा धूप से बच्चे को आंखों से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं.

## सोफिया अंसारी ने बिकनी में दिखाया हॉट अवतार



सोफिया अंसारी आए दिन फोटोशूट करवाती हैं और फिर सोशल मीडिया अकाउंट से अपने ग्लैमरस पिक्चर्स शेयर करती रहती हैं। सोफिया अंसारी का बोल्ड अंदाज देखकर उनके फैंस आहें भरते हैं। उन्होंने एक बार फिर रिवीलिंग ड्रेस पहनकर अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है। सोफिया अंसारी के फोटोज शेयर करते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस उनको बार-बार निहारने पर मजबूर हो रहे हैं। इसके साथ ही उनके तमाम चाहने वाले फैंस रिएक्शन दे रहे हैं। सोफिया अंसारी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपना हॉट सेक्सी वीडियो शेयर किया है। इस सेक्सी वीडियो में वे बेहद हॉट अंदाज में नजर आई हैं। साथ ही वह एक अंग्रेजी गाने में लिप्सिंग कर रही है। सोफिया अंसारी रेड व्हाइट बिकनी में अपनी अदाओं का जलवा फैंस को दिखा रही हैं।



## शोहरत के लिए मुझे कपड़े उतारने की जरूरत नहीं: दिव्या प्रभा

दिव्या प्रभा की फिल्म ऑल वी इमैजिन ऐज लाइट की कहानी काफी ज्यादा प्रेरणादायक है. इस फिल्म में महिलाओं के जीवन और उनके संघर्षों के बारे में बताया है. वहीं फिल्म को ग्रैंड प्रिक्स पुरस्कार भी मिला है. इस फिल्म से दिव्या का एक वीडियो लीक हो गया था. जिसके बाद से ही एक्ट्रेस सुर्खियों में बनी हुई हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने इस वीडियो पर चुप्पी तोड़ी है. एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में इस बारे में बात करते हुए कहा- ये बहुत पथेटिक है. हालांकि, जब मैंने रोल के लिए साइन अप किया था, तब भी मुझे केरल में लोगों के एक ग्रुप से ऐसे रिएक्शन की उम्मीद थी. हम एक ऐसी कम्युनिटी हैं जो योर्गोस लैंथिमोस जैसे फिल्म मेकर्स और यहां तक कि फिल्म में उनके काम के लिए ऑस्कर जीतने वाली एक्ट्रेस के लिए भी जश्न मनाते हैं. लेकिन हमें मलयाली महिलाओं का ऐसा रोल करना बर्दाश्त नहीं है.उन्होंने आगे बताया- मुझे ये देखकर खुशी हुई कि ऐसे लोग थे, खासकर पुरुष, जिन्होंने इस हरकत का विरोध किया. इससे पता चलता है कि करंट जेनरेशन में बहुत उम्मीदें हैं. लीक हुए वीडियो को शेयर करने वालों में 10 पर्सेंट आबादी शामिल है और मैं उनकी मानसिकता को नहीं समझती. मलयाली भी केंद्रीय बोर्ड का हिस्सा थे, जिसने हमें मंजूरी दी थी. इसके आगे एक्ट्रेस ने बताया - एक एक्टर होने के नाते मैं ऐसी स्क्रिप्ट करती हूं जिसके लिए मैं कंफर्टेबल हूं और मैं ऑल वी इमेजिन ऐज़ लाइट में अपने किरदार को लेकर पूरी तरह कंफर्टेबल थी. कुछ लोगों ने मेरी आलोचना करते हुए कहा कि मैंने शोहरत के लिए ऐसा सीन किया है और मैं क्रिटिकली अक्लेम्ड फिल्मों का भी हिस्सा रही हूं. मुझे नहीं लगता है कि शोहरत के लिए मुझे कपड़े उतारने की जरूरत है. एक्ट्रेस की फिल्म की बात करें तो उनकी फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' में अनु का किरदार निभाया है. यह एक बागी किस्म का किरदार रहा. इस किरदार को पर्दे पर दिव्या प्रभा ने बखूबी निभाया है. उन्हें इस किरदार को निभाने के लिए काफी तारीफ भी मिली. आगे भी वह अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार करने की ख्वाहिश रखती हैं. दिव्या प्रभा हिंदी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में अभिनय करती हुई दर्शकों को आगे नजर आएंगी.

## अजय देवगन की नाम का भी हाल-बेहाल

अभिषेक बच्चन की फिल्म आई वॉन्ट टू टॉक को बीते 22 नवंबर को अजय देवगन की फिल्म नाम के साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।इन दोनों ही फिल्मों को लेकर दर्शक उत्साहित थे, लेकिन इनके पर्दे पर आते ही पूरा माहौल ठंडा हो गया।दोनों फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर हाल बेहाल है और इनकी दैनिक कमाई पहले दिन से ही लाखों में सिमटी हुई है।आइए जानते हैं छठे दिन दोनों फिल्मों का कैसा हाल रहा।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, आई वॉन्ट टू टॉक ने अपनी रिलीज के छठे दिन यानी पहले बुधवार को 12 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 1.82 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म का बजट 40 करोड़ रुपये बताया जा रहा है और यह अपनी लागत का आधा पैसा भी नहीं कमा सकी है।इस फिल्म के निर्देशक शूजीत सरकार हैं, जिन्हें अक्टूबर और सरदार उधम जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है।

## शब्द सामर्थ्य -251

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | | | 5 |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| 8 | 9 | | | 10 | 11 | | | |
| | | | 12 | | 13 | | | |
| 14 | | | 15 | | | | | |
| | 16 | | | | | | 17 | 18 |
| 19 | | | 20 | 21 | 22 | | 23 | |
| | | 24 | | 25 | | 26 | | |
| 27 | | | | | | 28 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 250 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष्म | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |



## गणित व्याख्याताओं के लिए लगी कार्यशाला

**कोरिया बैकुंठपुर।** 30 नवंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनसुख में गणित विषय के व्याख्याताओं/शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन जिला समन्वयक बाल विज्ञान कांग्रेस जिला कोरिया के संयोजन मे किया गया कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्या दायिनी माता सरस्वती के छायाचित्र का पूजन प्राचार्य एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा किया गया कार्यशाला में गणित की सामान्य अवधारणाओं को अपने जीवन में उपयोग और गणित विषय को दैनिक कार्यों से जोड़ने हेतु गणितीय पहेलियों माडल प्रश्नोत्तरी आदि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी विरेन्द्र जायसवाल व्याख्याता गणित विभाग द्वारा प्रदान की गई उन्होंने उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अनेक उदाहरणों द्वारा गणित का जीवन से अभिन्न सम्बन्ध बताया कार्यशाला में जिले भर के गणित व्याख्याता शिक्षक उपस्थित रहे।

## धूल से अंबिकापुरवासी बीमार न हों इसलिए वितरित किया मास्क

**अंबिकापुर।** ठंड का यह सीजन स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद लाभप्रद माना जाता है। इस सीजन में अंबिकापुर शहर के गांधी चौक पर शनिवार को निश्शुल्क मास्क वितरण किया गया। पल भर में ढाई हजार मास्क का वितरण पूरा हो गया। आप सोच रहे होंगे कि इस सीजन में मास्क की क्या जरूरत पड़ गई? दरअसल अंबिकापुर शहर की अधिकांश सड़कें खस्ताहाल हो चुकी हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग हो या नगर निगम की सड़कें सभी टूटी और उधड़ी हुई हैं। इन सड़कों से धूल उड़ रहा है। धूल के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह बड़ा खतरा है। धूल से बचाव के लिए लोग जागरूक हों और मास्क का उपयोग करें,इस उद्देश्य को लेकर अजय अग्रवाल ने शहर के गांधी चौक पर मास्क वितरण किया। वे अपने साथ ढाई हजार मास्क लेकर गांधी चौक पहुंचे थे। चौक से होकर गुजर रहे लोगों को मास्क देकर उन्होंने मास्क का उपयोग करने आग्रह किया। मास्क वितरण के साथ यह संदेश भी दिया कि शहर में धूल ज्यादा है,इससे बचाव के लिए उपाय जरूरी है। धूल से बचाव में मास्क कारगर है। अजय अग्रवाल के पास वर्तमान में लगभग 25 हजार मास्क उपलब्ध हैं। इसके अलावा मास्क बनाने के लिए कपड़े भी उपलब्ध हैं। लोगों की जरूरत के हिसाब से ये इसका वितरण करते हैं।

## गर्भवती माताओं को न हो किसी तरह की दिक्कत

**बैकुंठपुर।** जननी सुरक्षा योजना के तहत शासकीय अस्पताल में ही में ही डिलेवरी करवाने के लिए भी जिला स्वास्थ्य विभाग लोगों से अपील करता है। जिला कलेक्टर श्रीमति संजय चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग कोरिया पूरी लगन से कार्य कर रहा है स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का विशेष निर्देश है की किसी भी मरीज को कोई भी दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। बैकुंठपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े के अथक प्रयास से पूरे जिले में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर कार्य कर रहा है।

## सीएमएचओ सिंह का है सपना स्वस्थ्य सुंदर हो कोरिया अपना

**कोरिया।** कोरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रशांत सिंह जी ने बताया जिले में स्वास्थ्य विभाग मरीजों के प्रति पूरी तरह गंभीर है मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो ये हम पूरी कोशिश करते हैं तथा जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्र 24 घंटे काम करते हैं स्वास्थ्य सेवा में 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं मरीजो को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग समय समय पर अस्पतालों का निरीक्षण भी करते रहते हैं हमारा पूरा प्रयास रहता है की मरीजों को अन्यत्र ना जाना पड़े शासन प्रशासन के पास प्रयाप्त सुविधाएं है ऐसी कोई गंभीर बीमारी आ जाए तब ही सिस्टम के अनुसार मरीजों को अन्यत्र भेजा जाता है आयुष्मान योजना के तहत भी गंभीर बीमारियों का इलाज होता है सभी से अपील है की वे अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें फिर भी यदि किसी प्रकार की असुविधा होती है तो कार्यालय या जिला अस्पताल प्रशासन से संपर्क किया जा सकता है हम सभी के स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हैं।

## हॉस्टल से दो नाबालिग का अपहरण, जुर्म दर्ज

**रायपुर।** कार्डिनल वारियर स्कूल माना के हॉस्टल से अज्ञात व्यक्ति ने दो बच्चों को बहला फुसलाकर ले गया। पीड़ित की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 36 वर्षीय पीड़ित ने माना थाना में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने कार्डिनल वारियर स्कूल के हॉस्टल में रहने वाले 15 और 14 वर्षीय दो बच्चों को बहला फुसलाकर ले गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## मोपेड में आग लगाने वाले दो खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर।** विजय नगर के पास खम्हारडीह में खड़ी टीवीएस जूपिटर को आग के हवाले कर दिया। जिससे वाहन जलकर खाक हो गई। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नीलकंठ निषाद 31 वर्ष बीएसयूपी कालोनी सड्डू का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी टीवीएस जूपिटर मोपेड को विजय नगर खम्हारडीह के पास खड़ी किया था, तभी आरोपी अमन सागर और विनोद नाग ने उसकी वाहन को आग के हवाले कर दिया। जिससे वाहन जलकर खाक हो गया और प्रार्थी को 80 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अस्पताल के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर।** सुयश अस्पताल के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सिद्धांत सोनवानी 20 वर्ष कसडोल का रहने वाला है। प्रार्थी ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 11 बीडी 0647 को सुयश अस्पताल के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सरेआम शराब पीते 49 गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्र में सरेआम शराब पीते 49 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खम्हारडीह पुलिस ने कचना शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी जगदीश जगत 26 वर्ष, लखन बघेल 24 वर्ष, साहिल पंजवानी 22 वर्ष, सुमीत नामवानी 24 वर्ष व गोपाल तांडी 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार सोम 38 वर्ष एवं गंज थाना पुलिस ने आरोपी पियूष शर्मा 28 वर्ष व पिंटू साहू 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मुजगहन पुलिस ने आरोपी हेमंत सोनवानी 32 वर्ष व गणेशराम बघेल 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी प्रेम रजक 22 वर्ष एवं धरसींवा पुलिस ने आरोपी कुमारी पाटिल 35 वर्ष, उमाशंकर वर्मा 49 वर्ष व कामता धृतलहरे 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी शिवम पंसारी 28 वर्ष, रोहित निर्मलकर 29 वर्ष व हरीश निर्मलकर 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### कांग्रेस ने की जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता

# धान खरीदी में अव्यवस्था, किसानों को हो रही परेशानी

## भाजपा सरकार की नई नीति से धान खरीदी प्रक्रिया बाधित: कांग्रेस का आरोप

**कोरिया बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर के राजीव भवन में कांग्रेस द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता में धान खरीदी केंद्रों की अव्यवस्थाओं पर तीखा हमला बोला गया। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर किसानों के हितों की अनदेखी और धान खरीदी में जानबूझकर बाधाएं खड़ी करने का आरोप लगाया। सरकार धान नहीं खरीदने का षडयंत्र कर रही है।

विष्णु देव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है। इस बार 160 लाख मिट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है, इसके लिए 14 नवंबर से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित है. शनिवार, रविवार और सरकारी छुट्टियों को घटाकर कुल 47 दिन मिल रहे हैं। इसका मतलब यह है कि प्रति दिन सरकार को लगभग साढ़े तीन लाख मिट्रिक टन की खरीदी प्रति दिन करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा।

वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा। सोसाइटियो को निर्दो है कि एक दिन में अधिकतम 752 क्विंटल यानी 1880 कट्टा धान ही खरीदा जाना है। ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिये उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग 14 नवंबर को घान बेचे थे, उनके खाते के रकम नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुशत 3100 नहीं है। सिर्फ 2300 रू. प्रति क्विंटल ही आ रहा है। (जो समर्थन मूल्य है उतना)

अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा। किसानो से पूरा 21 क्विंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है। बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा। सोसायटी में सूचना चस्पा किया गया है कि बीज उत्पादक किसानों का धान नहीं लिया जायेगा।

सोसायटी में बारदाना की कमी है किसान परेशान है। सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिति नये 50 प्रतिति पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। 50 प्रतिशत पुराने बरदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। धान खरीदी केन्द्रो में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है किसान घंटो खड़े



रहते है। आनलाईन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नही मिल रहा है।

धान की कीमत का भुगतान 3217 रू. में करे क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रू. बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रु. से बढाकर 3217 रू. किया जाये। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रू. में धान खरीदी किया था। धान उपार्जन की कांग्रेस सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदल दिया है। नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बफर स्टॉक के उठाव की नीति को बदल दिया है।

पहले इस प्रावधान के होने से समितियों के पास ये अधिकार होता था कि वे समय सीमा में उठाव न होने पर चुनौती दे सकें। अब जो बदलाव हुआ है उसके बाद बफर स्टॉक के उठाव की कोई सीमा ही नहीं है। धान खरीदी केन्द्रो में जगह की कमी आ रही है। पहले मार्कफेड द्वारा समस्त धान का निपटान 28 फरवरी तक कर देने की बाध्यता रखी गई थी.इसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है।

धान खरीदी बंद होगी 31 जनवरी को। यानी समितियों / संग्रहण केंद्रों में धान अब दो महीने तक रखा रह रहेगा. धान मिलिंग के लिए कांग्रेस सरकार ने प्रति क्विटल 120 रुपए देने का निर्णय लिया था. जिसका परिणाम यह हुआ था कि प्रदेश भर में 700 नई राइस मिलें खुली थीं। अब सरकार ने मिलर के लिए 120 रुपए को घटाकर 60 रुपए कर दिया है। इस कारण राईस मिलर हड़ताल पर है धान सोसायटी में जाम है।


मिलरों को 120 की जगह 60 रुपए देने के फैसले के बाद विभिन्न जिलों में राइस मिलर एसोसिएशन धान की मीलिंग करने में असमर्थता व्यक्त करने लगे हैं।

**जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता में उपस्थित** - जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद,कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, गणेश राजवाड़े, बिहारीलाल राजवाड़े, विकास श्रीवास्तव, संतोष गोयन समेत अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# संस्थागत प्रसव के लिए गर्भवती को झेलगी में ढोकर ले गए स्वजन

**लखनपुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के दूरस्थ ग्राम से शनिवार को गर्भवती महिला को झेलगी में ढोकर ले जाने की एक और तस्वीर सामने आई। बस्ती तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। गर्भवती महिला इस स्थिति में नहीं थी कि पैदल लंबी दूरी तय कर सके। स्वजन ने फिर पुरानी तरकीब अपनाई। झेलगी में महिला को बैठाया। रस्सी में झेलगी को बांध कर एक डंडे को फंसा दो लोग उसे कांधे पर उठाकर ले गए। रास्ते में एंबुलेंस खड़ी थी। परेशानियों के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव के लिए लोगों में जागरूकता आई है।

लखनपुर विकासखंड के ग्राम तिरकेला कुरमेन के आश्रित ग्राम बरढोड़गापारा तक सड़क नहीं बनी है। इसी बस्ती में रहने वाले पारस मझवार की पत्नी बिनी मझवार को शनिवार दोपहर को प्रसव पीड़ा आरंभ हुई।



स्वजन ने एंबुलेंस को फोन किय। सूचना पर एंबुलेंस ग्राम तिरकेला कुरमेन तक पहुंची। आगे सड़क खराब होने के कारण बरढोड़गापारा तक एंबुलेंस नहीं पहुंच सका। ऐसे में स्वजन ने झेलगी में गर्भवती महिला को बैठाया। वहां से एंबुलेंस तक ढोकर ले गए।एंबुलेंस के माध्यम से गर्भवती महिला को कुन्नी अस्पताल लाया गया। यहां स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति में गर्भवती महिला का प्रसव कराया गया। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। प्रसव हेतु गर्भवती महिला को झेलगी में ले जाने का वीडियो वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। ग्रामीणों के द्वारा कई बार सड़क बनाने की मांग की गई लेकिन यह मांग आज तक अधूरी है। प्रचलित सड़क का सरपंच के द्वारा मरम्मत नहीं कराया गया जिसे लेकर ग्रामीणों में भी रोष व्याप्त है।

## 2025 तक घर-घर पहुंचेगी नेचुरल गैस

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में राज्य सरकार राजधानी रायपुर में विकास की नई इबारत लिख रही है. नगर पालिक निगम रायपुर की ओर से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शहर में नेचुरल गैस की आपूर्ति की योजना पर तेजी से काम हो रहा है. भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड और हरियाणा गैस एजेंसी के माध्यम से रायपुर शहरवासियों को अगले वर्ष 2025 के दौरान प्राकृतिक गैस की पाइप लाइन के माध्यम से आपूर्ति की सुविधा घरों में कनेक्शन के माध्यम से वाहनों में सीएनजी स्टेशन के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों में शीघ्र दिये जाने की तैयारी तेज गति से जारी है. आज रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर के आयुक्त अविनाश मिश्रा ने भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड के उपमहाप्रबंधक निर्माण जे.के. पाण्डेय और रायपुर में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति घरों में किये जाने डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने अधिकृत हरियाणा गैस एजेंसी के प्रबंधक राकेश रंजन, नगर निगम रायपुर के अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा की उपस्थिति में इस संबंध में चर्चा कर संबंधित अधिकारियों से योजना की आवश्यक जानकारी ली. आयुक्त को गेल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों ने जानकारी दी कि मुंबई नागपुर झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाइप लाइन से रायपुर शहर क्षेत्र में घरों के लिए प्राकृतिक गैस आपूर्ति और शहर क्षेत्र में सीएनजी स्टेशन के माध्यम से वाहनों में प्राकृतिक ईंधन आपूर्ति की अभिनव योजना पर कार्य निरंतर प्रगति पर है. वर्ष 2025 के दौरान रायपुर शहर में प्राकृतिक गैस पाइप लाइन आपूर्ति से संबंधित योजना का व्यवहारिक क्रियान्वयन शासन के निर्देशानुसार करने की योजना है।

# ओवरटेक के दौरान बाइक सवार नाबालिग को टैंकर ने लिया चपेट में, मौत

**प्रतापपुर।** शुक्रवार रात नगर पंचायत प्रतापपुर के मुख्य मार्ग में ओवरटेक करने के दौरान एक बाइक सवार किशोर डीजल लोड टैंकर की चपेट में आ गया। नाबालिग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार प्रतापपुर थानांतर्गत पोड़ी मोड़ का रहने वाला शिवकुमार कुशवाहा पिता चंद्रशेखर कुशवाहा उम्र 17 वर्ष बाइक क्रमांक सीजी 29 एएफ 7994 से रात साढ़े आठ बजे के लगभग प्रतापपुर के सबसे ज्यादा व्यस्त रहने वाले मुख्य मार्ग से अपने घर पोड़ी मोड़ जा रहा था। इसी दौरान उसके आगे-आगे जा रहे डीजल लोड टैंकर क्रमांक सीजी 07 सीजे 6755 को ओवरटेक करने का प्रयास करने लगा। इससे पहले की वह टैंकर को ओवरटेक कर पाता, टैंकर के पिछले हिस्से से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद वह बाइक से उछलकर मुख्य मार्ग के एक ओर फेंका गया। इससे उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारी व जवानों ने शव को अपने कब्जे में लेकर एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया था। सुबह मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया गया। इधर टैंकर चालक ने रात में ही



थाने पहुंच खुद को पुलिस के हवाले कर दिया था। उक्त मामले में प्रतापपुर पुलिस दुर्घटना कारित टैंकर को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार को हुई इस घटना में जब बाइक सवार टैंकर को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था उसी दौरान कुछ मवेशी टैंकर के सामने आ गए। मवेशियों को बचाने के चक्कर में टैंकर चालक पीछे से आ रहे बाइक सवार नाबालिग को देख नहीं पाया और बाइक टैंकर के पिछले हिस्से से भिड़ गई जिसके कारण बाइक चला रहे नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान नाबालिग ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। यदि उसने हेलमेट पहना होता तो उसकी जान बच सकती थी क्योंकि उसकी मौत का कारण सिर में लगी गंभीर चोट को माना जा रहा है।

बता दें कि शुक्रवार को प्रतापपुर में बाजार भी लगता है। इसमें आसपास व दूरदराज क्षेत्र से बड़ी संख्या में छोटे बड़े वाहन व पैदल चलने वाले लोगों का आना जाना लगा रहता है। इसके कारण रोजाना जाम की स्थिति में बने रहने वाले मुख्य मार्ग पर यातायात का और भी ज्यादा दबाव बढ़ जाता है। दबाव बढ़ने से मुख्य मार्ग के अलावा अन्य स्थानों पर भी जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है। यातायात की इस बदहाल व्यवस्था में सुधार के लिए नगर के लोग लंबे समय से रिंग रोड की मांग कर रहे हैं।

पर शासन प्रशासन मांग को लेकर उदासीन बना हुआ है जिसके कारण अब लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। बता दें कि नगर पंचायत प्रतापपुर के मुख्य मार्ग में रोजाना दर्जनों की संख्या में स्कूली व अन्य नाबालिग बच्चों को गियर वाली बाइक को किसी डर भय के सरपट दौड़ाते हुए देखा जा सकता है। दुर्घटना से अनजान यह बच्चे बाइक चलाते हुए भीड़भाड़ वाले इलाकों से पूरी रफ्तार के साथ निकलते हैं। इस दौरान बाइक में उनके साथ अन्य बच्चे भी बैठे रहते हैं। नगर के भीतर कुछ बच्चों को चारपहिया वाहन चलाते भी देखा जा सकता है। माना कि बच्चे नासमझ होते हैं पर अभिभावकों में तो इतनी समझ होनी ही चाहिए कि वे अपने नाबालिग बच्चों को बाइक देकर उनकी जान को जोखिम में न डालें।

# ठगी मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अब कई पीड़ित शिकायत करने सामने आये

**सूरजपुर।** ट्रेडिंग व शेयर मार्केटिंग के जरिए रकम दोगुना कर देने के नाम पर तीन मामलों में 74 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में केजीएन हार्डवेयर के संचालक शिवप्रसादनगर निवासी अशफाक उल्लाह और उसके पिता हाजी जरीफ उल्लाह की गिरफ्तारी के बाद ठगी के अन्य शिकार अब कोतवाली पहुंच कर शिकायत कर रहे हैं।

शनिवार को करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने कोतवाली पहुंचकर करीब डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी का आरोप अशफाक उल्लाह समेत उसके पिता और अशफाक सिंडिकेट के एजेंटों पर लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। इधर चार दिसंबर तक पुलिस रिमांड पर लिए गए मास्टर माइंड अशफाक से पुलिस पूछताछ कर रही है। पूरे मामले में अब चौकाने वाले तथ्य भी सामने आ रहे है। ठगी के आरोपित पिता पुत्र की गिरफ्तारी के बाद कोतवाली पहुंचे ठगी का शिकार ग्रामीणों ने हैरान कर देने वाली बातें बताई। उन्होंने बताया कि अशफाक उल्लाह की शान शौकत देखकर वे उसके झांसे में आ गए। दर्जनों ग्रामीणों ने चंद दिनों में रकम डबल होने की लालच में आकर अपनी जमीन बैंक में गिरवी रखकर ली गई ऋण की पूरी रकम अशफाक उल्लाह को दे दी। इसमे उसका पूरा सिंडिकेट शामिल था। ठगी का शिकार होने के कारण वे सभी बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं।

पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि अशफाक उल्लाह ने कई लोगों की रकम दोगुनी कर दी है। वह बीएमडब्ल्यू, फॉर्च्यूनर, थार, वरना जैसी लग्जरी एवं महंगी गाड़ियों में चलता था। उसने पैसा लगाने वाले कई बड़े कारोबारी को गिफ्ट के रूप में महंगी गाड़ियां भी दी है। तकरीबन सौ लोगों को उसने बुलेट मोटरसाइकिल गिफ्ट में दी है। यही वजह है कि ग्रामीण लोगों ने भी उसके प्रलोभन में आकर अपने जीवन भर की कमाई और बैंक से लिया गया लोन उसे दे दिया था। 22 वर्ष की छोटी उम्र में शिवप्रसादनगर जैसे छोटे से गांव में रहने वाला अशफाक उल्लाह महाठग नटवर लाल के रूप में सुर्खियों में है। इस बात की चर्चा है कि उसने अपने रिश्तेदारों को भी ठगी का शिकार बनाया है। इसके अलावा जिले में ही नही संभाग भर के सैकड़ो लोग उसके झांसे में आकर सौ करोड़ से अधिक की ठगी का शिकार हुए है। इधर ठगी के मास्टरमाइंड अशफाक उल्लाह एवं उसके पिता की गिरफ्तारी की खबर मिलने के बाद शनिवार को करीब डेढ़ दर्जन लोगों ने कोतवाली थाना पहुंचकर अशफाक उल्लाह समेत उसके पिता एवं उसके एजेंटों के खिलाफ करीब डेढ़ करोड़ रुपये की ठगी करने की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने कोतवाली पहुंचे ग्राम भंवराही निवासी मोहम्मद यूसुफ ने बताया कि अशफाक उल्लाह समेत उसके पिता एवं सहयोगियों ने रकम डबल करने का झांसा देकर उसे 27 लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाया है। ग्राम सोनपुर निवासी लाल मोहम्मद ने बताया कि अशफाक उल्ला एवं अन्य लोगों ने उससे 20 लाख रुपए की ठगी की है। पंडोपारा कोरिया निवासी तहरुन निशा ने 14 लाख रुपये की ठगी की शिकायत की है। वहीं दतिमा निवासी जहांगीर आलम ने दस लाख रुपये, ग्राम जूर निवासी आसिफ मोहम्मद ने पांच लाख रुपये, कल्याणपुर निवासी अकबर अली ने पांच लाख रुपये, सोनपुर निवासी सुरेश साहू ने छह लाख रुपये, भवराही निवासी रशीद मोहम्मद ने पांच लाख रुपये, सोनपुर निवासी नईमुद्दीन अंसारी ने पांच लाख रुपये विष्णुपुर निवासी मोहम्मद यूनुस ने तीन लाख रुपये, सोनपुर निवासी रहमान ताज ने सात लाख रुपये एवं बिशनपुर निवासी जमीलउद्दीन ने तीन लाख रुपये की ठगी की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक अशफाक उल्लाह एवं उसके सिंडिकेट द्वारा ठगी के शिकार ग्रामीणों का कोतवाली पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। एडिशनल एसपी सूरजपुर संतोष महतो ने बताया कि अशफाक उल्लाह एवं उसके पिता की गिरफ्तारी के बाद ठगी के शिकार ग्रामीण रिपोर्ट लिखाने कोतवाली सूरजपुर पहुंच रहे हैं। हमने भी अपील की है कि रकम डबल करने के झांसे में आकर ठगी के शिकार हुए लोग कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराएं। जितनी भी शिकायतें आएंगे आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए पुलिस तत्पर है।

## चाकू लहराते युवक पकड़ाया

**रायपुर।** मौदहपारा पुलिस ने चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कल्लू गैरेज के पास चाकू लेकर आतंक फैलाते आरोपी मोहम्मद यासीम 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है।

## अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जगवार शोरूम के पास एक कार से 44 ग्राम अफीम जब्त किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीडीनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना सरोना के सर्विस रोड में दबिश देकर जगुआर शोरूम के पास खड़ी कार क्रमांक सीजी 04 पीआर 5213 की तलाशी लिए तो उसमें 445 ग्राम अफीम मिला और नकदी 20 हजार रुपए जब्त किया है।

## मुख्यमंत्री को कोरबा आने का न्यौता

**कोरबा।** सतनाम कल्याण समिति के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नारायण कुर्रे सहित समाज के लोगों ने प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के पास जाकर रायपुर में मुलाकात की। और उन्होंने गुरूघासीदास जयंती समारोह में कोरबा आने का न्यौता दिया। समाज केसरजू अजय, डॉ. जय लहरे, प्रतिमा सोनवानी, आनंद सोनवानी, राजेश लहरे ने कहा कि कोरबा में आयोजित कार्यक्रम काफी भव्य होता है।

## भाजपा की कार्यशाला कल

**कोरबा।** जिला भाजपा की कार्यशाला कल आयोजित किया गया है। जिसमें जिला चुनाव प्रभारी राजा पाण्डेय व सह प्रभारी संजय भावनानी शामिल होंगे। इस कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष पद के चयन की प्रकिया बताई जाएगी। मंडल चुनाव अध्यक्ष पद के लिए 15 दिसंबर तक चुनाव कराने है। इधर जांजगीर के जिला चुनाव प्रभारी जोगेश लांबा भी कल जाजगीर में जाकर कार्यशाला लेंगे।

## भिलाई बाजार मंडल में हुए बूथ चुनाव

**कोरबा।** भाजपा भिलाई बाजार मंडल के सह चुनाव प्रभारी चुलेश्वर राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी बूथों में अध्यक्ष का चयन कर कार्यकारिणी बना ली गई है। इसके अलावा उन्हें। चोढ़हा शक्ति केन्द्र का भी प्रभारी बनाया गया था। यहां भी उन्होंने सभी बूथों में चुनाव करा लिए है।

### फ्यूल टैंक ब्लास्ट होने के साथ बाइक राख, डरावनी थी आवाज-बोले लोग

# आधी रात को धमाके से कॉलोनी में अफरा-तफरी

- नगर संवाददाता-

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की गेवरा कॉलोनी में बीती मध्य रात 2.30 बजे हुए शक्तिशाली धमाके ने लोगों को डराया और नींद से उठा दिया। यहां एक बड़ी घटना घटित हुई । कोलफील्ड्स कर्मी फोरमैन अंजनी गोपाल की मोटरसाइकिल होंडा साइन सीजी 12 एजे 2388 अचानक आग की चपेट में आ गई। तकनीकी कारण से यह घटना हुई या किसी ने जानबूझकर इसे अंजाम दिया, यह जांच का विषय है। लेकिन कोलफील्ड कॉलोनी क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाएं लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई है।

हमारे संवाददाता ने बताया कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की स्थानीय कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारी गोपाल की मोटरसाइकिल उनके विभागीय आवास के नीचे खड़ी थी । उक्त घटना में मोटरसाइकिल वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गई। वाहन का फ्यूल टैंक ब्लास्ट होने से बड़ा धमाका हुआ, जिससे आवास में रह रहे लोगों की नींद खुली।

बताया गया कि आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में मोटरसाइकिल का फ्यूल टैंक ब्लास्ट हो गया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। आग की ऊंची लपटों और धुएं ने गेवरा दीपिका कॉलोनी में आसपास के मकान को बुरी तरह से प्रभावित किया। कोलफील्ड लिमिटेड की कॉलोनी में मध्य रात्रि को हुई घटना में मोटरसाइकिल पूरी तरह



से जलकर राख हो गई। जिसमें वाहन मालिक को आर्थिक नुकसान हुआ है । इस घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने पुलिस से कॉलोनी में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### रात में बिजली हुई थी गुल

वाहन मालिक अंजनी गोपाल ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। यह किसी असामाजिक तत्व की हरकत हो सकती है, या शॉर्ट सर्किट से यह घटना हुई हो सकती है, क्योंकि रात में बिजली गुल होने की समस्या भी आई थी।

### दोतरफा पेट्रोलिंग की जरूरत

कोरबा जिले के बड़े कोलफील्ड और नगर पालिका क्षेत्र दीपिका ने आबादी का घनत्व लगातार बढ़ रहा है । इसके अलावा कामकाज के सिलसिले में दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों की आवाजाही भी हो रही है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कॉलोनी से लेकर दूसरे रिहायसी क्षेत्र में फ्लोटेड पापुलेशन का विस्तार भी हो रहा है। इस कारण से भी कई प्रकार की चुनौतियां हैं। इन सब के बीच हो रही घटनाओं से लोगों को चिंतित होना सवाभाविक है।

## करतला व कुदमुरा रेंज में हाथी रौंद रहे फसल

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा के करतला एवं कुदमुरा रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है।

यहां के जंगलों में घुम रहे 62 हाथियों ने पीडिया, कोटमेर व कलमीटिकरा गांव में बीती रात भारी उत्पात मचाते हुए लगभग दो दर्जन ग्रामीणों के खेतों में तैयार धान की फसल को रौंद दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गये है। वहीं बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने और फसल रौंदे जाने से ग्रामीण काफी परेशान है।

## कबड्डी में दीपका एरिया बना चैम्पिंयन

**कोरबा।** अतंर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रायगढ़ में किया गया। जिसमें दीपका विजेता व गेवरा उपविजेता बना है। दीपका टीम की जीत पर अधिकारियों व यूनियन प्रति निधियों ने हर्ष व्यक्त किया है। गिरजा साहू, तरूण राहा, रमेश गुरूद्वान, सतीष सिंह, संजीव शर्मा, रामकुमार कौशिक, विजय प्रसाद ने कहा है कि दीपका में यहां के खिलाड़ी लगातार अभ्यास कर रहे थे। गेवरा के उपविजेता बनने पर रेशम लाल यादव दीपक उपाध्याय हर्ष व्यक्त किया है।



## सुरक्षा पखवाड़ा में तामझाम पर यूनियन प्रतिनिधियों ने बनाई दूरी

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में आयोजित वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा का समापन तामझाम से हो गया। अतिथियों का जमकर स्वागत हुआ। लेकिन, क्षेत्र के प्रमुख जेसीसी और वेलफेयर-सुरक्षा सदस्यों की अनुपस्थिति ने कार्यक्रम में खलल डाल दिया। श्रमिक नेताओं ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रबंधन की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

समारोह से एक दिन पहले बाहर से आए अतिथियों ने खदानों का दौरा किया और लाइटिंग तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलन से हुई। महाप्रबंधक खनन क्षेत्र अशोक कुमार ने स्वागत भाषण दिया और खदानों में होने वाली घटनाओं तथा उनकी रोकथाम के बारे में चर्चा की। समारोह में गेवरा एरिया के महाप्रबंधक एस.के. मोहंती ने सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खदानों में अपनाए जाने वाले उपायों पर विस्तार से बताया। इसी कड़ी में परिवार परामर्श केंद्र द्वारा एक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें यह दिखाया गया कि खदान दुर्घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है। नाटक की प्रस्तुति को अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान श्रमिक नेताओं की कई कुर्सियां खाली रहीं। क्षेत्रीय जीसीसी और वेलफेयर-सुरक्षा सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हुए। इस अनुपस्थिति से श्रमिकों और उपस्थित नेताओं ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने इसे प्रबंधन की लापरवाही और उदासीनता का प्रतीक करार दिया। खान प्रबंधक मयंक वर्मा ने समापन भाषण में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने खदान सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया।

## क्यों दें ज्यादा भाड़ा, गेवरा से ट्रेन चलाने रेल राज्यमंत्री से मिले अजय



**कोरबा।** सभी प्रकार के विकल्प आसानी से उपलब्ध होने के बावजूद कोरबा जिले के एक हिस्से में रहने वाले लोगों को कोरबा अथवा बिलासपुर से कनेक्टिंग ट्रेन लेने के लिए अतिरिक्त समय देना पड़ रहा है और ज्यादा रुपए परेशानी हो रही है सो अलग। सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार दुबे ने गेवरा स्टेशन से लंबित रेल गाड़ियों के पुन: प्रचालन की मांग कोरबा प्रवास पर आए हुए केंद्रीय रेलवे राज्य मंत्री वी. सोमन्ना से की। उन्हें नागरिकों को हो रही व्यावहारिक परेशानियां से भली भांति अवगत कराया गया। संक्षिप्ट्स लेकिन महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान रेल राज्य मंत्री से रीवा बिलासपुर एक्सप्रेस को बिलासपुर की बजाय कोरबा से प्रारंभ करने एवं जयपुर के लिए कोरबा से ट्रेन प्रारंभ करने की भी मांग की गई। उन्हें बताया गया कि पिछले वर्षों में कोरोना काल में प्रभावित गेवरा स्टेशन से रेलवे का प्रचालन बंद कर दिया गया था। जिसके कारण नदी के दूसरी तरफ रहने वाले एसईसीएल के सभी कर्मचारी एवं ग्रामीणों को अत्यंत परेशानी हो रही है। रात्रि में कोरबा से वापस आने में साधन नहीं मिलता है। यदि मिलता भी है, तो उन्हें 500 से 1000 रूपये यात्री भाड़ा देना पड़ता है। इसकी मांग समय-समय पर विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं आम लोगों ने भी की है, किंतु अभी तक स्टेशन से यात्री गाड़ियों का पुन: प्रचालन प्रारंभ नहीं किया गया । रेलवे मंत्री ने आश्वासन दिया है, कि वह प्रधानमंत्री से बात करके इस विषय पर गंभीरता से चर्चा कर पुन: रेलवे स्टेशन को प्रारंभ कर गाड़ियों का प्रचालन प्रारंभ करवायेंगे। इस दौरान जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन एवं रेलवे संघर्ष समिति कोरबा के पदाधिकारी गण भी उपस्थित थे।

**सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ा है रेलवे**

यहां बताना आवश्यक होगा कि प्रतिदिन कई करोड़ लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का काम रेलवे करता है। देश के विभिन्न राज्यों में रेल कनेक्टिविटी का नेटवर्क इतना मजबूत है कि वहां एक लाख से ज्यादा ट्रेन संचालित की जा रही है, जो अलग-अलग श्रेणी की है। इनके माध्यम से नागरिकों को किफायती और सहूलियत समयबद्ध सेवाएं दी जा रही हैं। इस प्रकार से मान लिया गया है कि भारत सरकार के अंतर्गत काम करने वाला रेलवे कुल मिलाकर सामाजिक उत्तरदायित्व के मामले में सबसे आगे हैं। नागरिक संगठन इस बात को महसूस कर रहे हैं कि जिन क्षेत्रों में रेल नेटवर्क मौजूद है और लोगों की आवश्यकता है भी ज्यादा है कम से कम वहां के हितों का ख्याल रेलवे रखें।

## वन्य क्षेत्र से रेत की तस्करी करते तीन ट्रेक्टर जब्त, वन विभाग ने की कार्यवाही

**कोरबा।** जिले के पाली विकास खण्ड में वन क्षेत्र से रेत की खुलेआम तस्करी की जा रही थी। वन विभाग को सूचना मिलने पर उसकी टीम ने मौके पर छापा मारकर तस्करी में लिप्त तीन ट्रेक्टर को जब्त कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कटघोरा वन मंडला अधिकारी कुमार निशांत को मुखबीर से सूचना मिली थी कि उनके वन मंडल अंतर्गत पाली रेंज के मुनगाडीह सर्किल के ढुकू पत्थरा क्षेत्र में जंगल के कक्ष क्रमांक ओए 589 में गौड़ खनिज का अवैध उत्खनन व परिवहन के जरिये रेत की तस्करी हो रही है।

मुखबीर की सूचना को डीएफओ ने गंभीरता से लिया और पाली रेंजर संजय लकड़ा के नेतृत्व में टीम गठित का तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये। डीएफओं के निर्देश पर पहुंची टीम ने जब जंगल में दबिश दी तो वहां नाले में ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 10 एजेड 6510, सीजी 10 बीडी 1035 एवं सीजी 12 बीपी 6233 रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करते मिला। टीम द्वारा जब्त ट्रेक्टर चालकों से रेत के उत्खनन व परिवहन संबंधी कागजात दिखाने को कहा तो वे कागजात पेश करने में विफल रहे, जिस पर वन विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए तीनों ट्रेक्टर को जब्त कर लिया और वन कार्यालय परिसर में ले आये। ट्रेक्टर चालकों से आगे की पूछताछ की जा रही है। रेंजर श्री लकड़ा ने बताया कि इस मामले में ट्रेक्टर चालक लालाराम पिता त्रिपाल सिंह, धर्मेंद्र पिता बोधन और अविनाश पिता रामखिलावन के खिलाफ वन अपराध प्रकरण क्रमांक 17284/20 दिनांक 30.11.2024 दर्ज कर ट्रेक्टर के मालिक का पता लगाया जा रहा है। वाहन मालिक का पता लगने पर उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जावेगी। इस कार्यवाही में रेंजर के साथ सर्किल फारेस्ट आफिसर पाली वाई के आदिल, बीएफओ मुनगाडीह दीपक पटेल, बीएफओ पाली सुरेश सिंह ठाकुर, बीएफओ जेमरा सुनील कुमार लसहे, बीएफओ कर्रा नवापारा जगजीवन सिंह गोड एवं सुरक्षा कर्मियों ने अहम भूमिका निभाई। वन विभाग की इस कार्यवाही से रेत तस्करों में हड़कम्प मच गया है।





## दीपका में भाजपा संगठन चुनाव की हलचल तेज

### मंडल अध्यक्ष की रेस में विशाल सबसे आगे

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनावों की प्रक्रिया तेज हो गई है। पहले चरण में बूथ कमेटियों का चुनाव होगा, इसके बाद 1 दिसंबर से मंडल अध्यक्ष और 15 दिसंबर से जिलाध्यक्षों का चुनाव होना है। इस बार राष्ट्रीय संगठन ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए 45 वर्ष और जिलाध्यक्ष पद के लिए 60 वर्ष की आयु सीमा तय की है।



इस नियम ने कोरबा जिले के दीपका मंडल में चुनावी समीकरण बदल दिए हैं। कई दिग्गज नेता जैसे द्वारिका शर्मा, महेंद्र सिंह, रमेश गुरुद्वान, धरम तिवारी और राजेंद्र राजपूत उम्र सीमा के कारण रेस से बाहर हो गए हैं। वहीं, युवा चेहरे विशाल अग्रवाल, अनूप यादव, राधेश्याम सिंह, अभिषेक सिंह, राजू प्रजापति, रोहित जायसवाल, विकास सोनी, निलेश साहू और राजेंद्र साहू अब प्रमुख दावेदार बनकर उभरे हैं। बदले समीकरणों के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्योति नंद दुबे के करीबी माने जाने वाले विशाल अग्रवाल मंडल अध्यक्ष की रेस में सबसे मजबूत उम्मीदवार के रूप में उभरे हैं। उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति योगदान ने उन्हें इस पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार बना दिया है। छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ज्योति नंद दुबे ने बताया कि प्रदेश में 405 मंडलों के लिए चुनाव होंगे। मंडल अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार का सक्रिय सदस्य होना, संगठन में किसी पद पर काम करने का अनुभव और आयु सीमा के भीतर होना अनिवार्य है। दीपका मंडल में चुनावी गतिविधियों ने जोर पकड़ लिया है, आगामी नगरीय निकाय और नगर पंचायत चुनावों में संगठन की भूमिका अहम होगी। नए नेतृत्व से कार्यकर्ताओं और जनता को बेहतर समन्वय और परिणामों की उम्मीद है।

### वन रक्षकों की भर्ती 4 से

**कोरबा।** कटघोरा-कोरबा वनमंडल में रिक्त वन रक्षकों की भर्ती के लिए दक्षता परीक्षा प्रियदर्शनीय स्टेडियम में 4 दिसंबर से शुरू होगी।

## संघर्ष का स्वभाव दिलाता है विजय का रास्ता: तिवारी

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण काम किया देवी अहिल्या ने

**कोरबा।** पूण्यश्लोका देवी अहिल्या होल्कर ने धर्मनिष्ठ नागरिक होने के साथ-साथ एक अच्छे शासक और सामाजिक कार्यकर्ता की जो भूमिका निभाई वह समाज के लिए प्रेरणा का विषय बना हुआ है । उनके जन्म के 300 वर्ष के उपलक्ष में किए जा रहे कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को एक नई दिशा मिल रही है। समाज जीवन में काम करने वाला वर्ग यह समझ रहा है कि उन्हें अच्छे रास्ते चुनने के लिए क्या कुछ करने की जरूरत है।

गुरु घासीदास उपनगर के साप्ताहिक एकत्रीकरण में आज प्रात: बेला में वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तिवारी में यह बात कही। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की 15 लाख कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए उन्होंने ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य से जुड़े कई प्रसंग रखे। स्वाधीनता से भी पहले की स्थिति पर उन्होंने विचार रखे और बताया कि उसे समय राष्ट्र के सामने किस प्रकार की तस्वीर थी और संबंधित चीजों को बेहतर करने के लिए तत्कालीन विचारवान लोगों और सामाजिक क्षेत्र में काम करने वालों ने किस



तरीके से अपना योगदान दिया। उन्होंने बताया कि इंदौर से वाराणसी की यात्रा करने के साथ लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने हिंदुओं के मानबिंदु काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए जो कार्य किया आज वह अविस्मरणीय बन गया। देश में सामाजिक और धार्मिक उत्थान को लेकर उनकी ओर से किए गए कार्यों की बड़ी लंबी सूची है और यह समाज के सामने उदाहरण प्रस्तुत करती है। अनेक मंदिरों के उत्थान करने के साथ कई प्रकार की चुनौतियां को हल करने के लिए उनकी भूमिका वर्तमान परिदृश्य में प्रेरणादाई बनी हुई है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने बताया कि उसे दौर में जब सती प्रथा जैसी बुराइयां बनी हुई थी उसकी समाप्ति के लिए जो लोग सामने आए, उन्होंने साबित किया कि बुराइयां किसी भी राष्ट्र के लिए घातक हो सकते हैं । श्री तिवारी वीर शिवाजी और जीजा बाई के राष्ट्रहित में अतुलनीय योगदान को रखा। उन्होंने कई संदर्भ चर्चा के अंतर्गत प्रस्तुत किया और यह बताने का प्रयास किया कि व्यक्ति में संघर्ष का भाव जब बचपन से जागृत होता है और वह लगातार इसके लिए काम करता है तो उसे विजय का रास्ता स्वाभाविक रूप से प्राप्त हो जाता है। इसलिए हम सभी को यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि सभी प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिए एकात्म और संकल्प भाव से काम किया जाए।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com